
डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com




PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमा-कार्तिक आर्यन के बाद अब शुभमन गिल को डेट कर रहीं सारा अली खान.............

वर्ष -08 अंक -154 | प्रयागराज, बुधवार 31, अगस्त, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने गोवा से पकड़ा एक और आरोपी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने गोवा से एक आरोपी को पकड़ा है। वहीं पेपर लीक और नकल माफियाओं पर शिकंजा कसने के लिए राज्य सरकार अब सख्त नकलरोधी कानून बनाने जा रही है। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से भेजे गए नकलरोधी कानून के प्रस्ताव का कार्मिक विभाग ने अध्ययन शुरू कर दिया है। यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में एक के बाद एक खुलासे हो रहे हैं। गिरफ्तारियों का सिलसिला भी जारी है। बुधवार को स्पेशल टास्क फोर्स उत्तराखंड ने एक आरोपी को गोवा से गिरफ्तार किया है। मामले में अब तक 30 गिरफ्तारियां हो चुकी है। बुधवार को स्पेशल टास्क फोर्स ने उत्तर प्रदेश के नकल माफिया का गुर्गा गोवा से गिरफ्तार





किया है। सनतक स्तरीय परीक्षा पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने माफिया और सौदागर के बीच की एक और कड़ी को गिरफ्तार किया है। पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ और साक्ष्यों पर एसटीएफ की एक टीम को संदिग्ध की जानकारी के लिए गोवा भेजा गया था। जहां पर अभियुक्त फिरोज हैदर को नॉर्थ गोवा में पणजी से गिरफ्तार करने में टीम को सफलता मिली है। फिरोज हैदर निवासी श्याम विहार कॉलोनी सीतापुर रोड लखनऊ के माफिया गिरोह का सदस्य था जो परीक्षा के प्रशन पत्र लेकर अन्य आरोपियों के साथ हल्द्वानी आया और शशिकांत को उपलब्ध कराया गया था।गहन पूछताछ और साक्ष्यों से अभियुक्त का धामपुर जाना और वहा के नकल माफिया केंद्रपाल से संपर्क में होने की भी पुष्टि हुई है। वहीं पेपर लीक और नकल माफियाओं पर शिकंजा कसने के लिए राज्य सरकार अब सख्त नकलरोधी कानून बनाने जा रही है। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से भेजे गए नकलरोधी कानून के प्रस्ताव का कार्मिक विभाग ने अध्ययन शुरू कर दिया है।

## जयशंकर ने अबू धाबी में पहले निर्माणाधीन हिंदू मंदिर का किया दौर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**अबू धाबी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने अबू धाबी में निर्माणाधीन हिंदू मंदिर का दौरा किया, जिसे अरब प्रायद्वीप में पहला पारंपरिक मंदिर कहा जाता है। इस दौरान जयशंकर ने इसके तेजी से प्रगतिठ पर प्रसनन्ता व्यक्त की। बुधवार को जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर के निर्माणाधीन स्थल का दौरा किया। जयशंकर ने ट्वीट किया, गणेश चतुर्थी पर, अबू धाबी में निर्माणाधीन हिंदू मंदिर के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। तेजी से प्रगति देखकर खुशी हुई और इसमें शामिल सभी लोगों की भक्ति की सराहना की। साइट पर बीएपीएस टीम, समुदाय समर्थकों और भक्तों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसे शांति, सहिष्णुता और सद्भाव का प्रतीक बताते हुए विदेश मंत्री ने प्रतिष्ठित मंदिर के निर्माण में सभी भारतीयों के प्रयासों की सराहना की। संयुक्त अरब अमीरात में अबू धाबी के बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर का निर्माण बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था द्वारा किया जा रहा है। दुनिया भर से कई हजार भक्तों, शुभचिंतकों और मेहमानों ने 2018 में अबू मुरीखेह में शिला पूजन समारोह में भाग लिया, जिसने अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर के निर्माण में पहला कदम उठाया। तब से, मंदिर के अधिकारियों के अनुसार, निर्माण स्थल पर सभी क्षेत्रों से कई आगंतुक आए हैं। यूएई में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, इएएम डा. एस जयशंकर की यात्रा की शुभ शुरुआत। विदेश मंत्री ने अबू धाबी मंदिर में बीएपीएस का दौरा किया और इसकी वास्तुकला में एक ईंट रखी। शांति, सहिष्णुता और सद्भाव के प्रतीक प्रतिष्ठित मंदिर के निर्माण में सभी भारतीयों के प्रयासों की भी सराहना की। साथ ही विदेश मंत्री की टिप्पणियों को प्रेरणादायक बीएपीएस के रूप में परिभाषित करते हुए ट्वीट किया, इस शुभ दिन पर मंदिर की यात्रा के लिए डा. एस जयशंकर के प्रति हमारी गहरी कृतज्ञता। शिल्पकारों, स्वयंसेवकों और योगदानकर्ताओं के लिए उनके प्रेरणा के शब्दों ने इस मंदिर की भूमिका को एक आध्यात्मिक ओएसिस के रूप में रेखांकित किया है।2018 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी क्षेत्रों के 1,700 से अधिक भारतीय और अमीराती गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में पारंपरिक पत्थर के मंदिर के एक माडल का अनावरण किया था। पीएम मोदी ने तब कहा था कि, अबू धाबी में पहला पारंपरिक मंदिर दोनों देशों के बीच मानवीय मूल्यों और सद्भाव के उत्कर्ष के लिए उत्प्रेरक का काम करेगा। ये मंदिर भारत की पहचान का माध्यम बनेगा। 2015 में यूएइ सरकार ने पीएम मोदी की पश्चिम एशियाई देश की पहली यात्रा के दौरान मंदिर के निर्माण के लिए अबू धाबी के पास जमीन आवंटित करने का फैसला किया था।इस बीच, विदेश मंत्री ने सहिष्णुता और सह-अस्तित्व मंत्री शेख नाहयान बिन मबारक अल नाहयान से भी मुलाकात की और भारतीय समुदाय, योग गतिविधियों, क्रिकेट और सांस्कृतिक सहयोग के लिए उनके मजबूत समर्थन की सराहना की।





## पशु तस्करी मामले में पश्चिम बंगाल में सी0बी0आई ने मारा छापा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बंगाल।** चार ठिकानों पर तलाशी अभियान जारीसूत्रों के मुताबिक, कोलकाता और बोलपुर की चार लोकेशन पर सीबीआई के अधिकारी पहुंचे हैं। यहां तलाशी अभियान जारी है। पशु तस्करी मामले में सीबीआई की टीम ने पश्चिम बंगाल में छापा मारा है। सूत्रों के मुताबिक, कोलकाता और बोलपुर के चार ठिकानों पर सीबीआई के अधिकारी पहुंचे हैं। यहां तलाशी अभियान जारी है। जानकारी के मुताबिक, सीबीआई टीम टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल के करीबी के ठिकानों पर पहुंची है। अनुब्रत मंडल से हो सकती है पूछताछ उधर, सीबीआई की टीम बंगाल की आसनसोल जेल में बंद टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल से पशु तस्करी मामले में पूछताछ कर सकती है। सीबीआई की चार सदस्यीय टीम सोमवार रात कोलकाता से आसनसोल पहुंची है। सीबीआई ने जांच में सहयोग नहीं करने पर बीरभूम जिले के टीएमसी अध्यक्ष मंडल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई ने जिले में कई जगह छापे मारकर बड़ी संख्या में दस्तावेज जब्त किए थे। 2020 में दर्ज किया था केस सीबीआई ने 2020 में पशु तस्करी के मामले में केस दर्ज किया था। इसमें अनुब्रत मंडल का नाम भी सामने आया था। सीबीआई के मुताबिक 2015 से 2017 के दौरान सीमा सुरक्षा बल को 20,000 से ज्यादा पशुओं के कटे सिर मिले थे। इस मामले में पिछले दिनों उन्हें सीबीआई ने तलब किया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे थे। इस मामले में केंद्रीय एजेंसी ने बीरभूम जिले में उनके करीबी लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। वहां से भारी संख्या में नकदी बरामद हुए थे। मंडल को सीबीआई ने 10 समन भेजे थे।





## सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ पहली स्वदेशी वैक्सीन






**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** सीरम इंस्टीट्यूट कल लॉन्च करेगा टीकाआधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, स्वदेशी रूप से विकसित भारत की पहली क्वाड्रिवेलेंट ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन कल लॉन्च की जाएगी। सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ भारत को पहली स्वदेशी वैक्सनी मिलने वाली है। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और बायोटेकनेलॉजी विभाग की ओर से एक सितंबर यानी कल देश का पहली स्वदेशी वैक्सीन लॉन्च की जाएगी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, स्वदेशी रूप से विकसित भारत की पहली क्वाड्रिवेलेंट ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन लॉन्च की जाएगी।नौ से 14 साल की लड़कियों को दिया जा सकता है टीका सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, टीके पहले नौ से 14 वर्ष की लड़कियों को दिए जा सकते हैं। इस टीके से जुड़ी जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, शुरुआत में ये टीके सिर्फ लड़कियों को दिए जाएंगे, लेकिन बाद में इसे लड़कों को भी लगाया जाएगा। देश में टीका तैयार करने की वजह से कीमत कोई बड़ी बाधा नहीं बनेगी।

## इराक में अल सद्र के समर्थकों ने खत्म किया विरोध

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बगदाद।** छाया सननटा, हिंसा में 30 लोगों की मौत बगदाद, एजेंसियां: इराक के प्रभावशाली शिया मौलवी मुक्तदा अल सद्र द्वारा अपने अनुयायियों से विरोध प्रदर्शन बंद करने और शहर के ग्रीन जोन को छोड़ने के लिए मंगलवार को गई अपील के बाद आंदोलनकारी लौट गए हैं। इराकी राजधानी बगदाद की सड़कों पर सननटा छा गया है। इससे पहले दिन में सद्र ने अपने अनुयायियों से संसद भवन खाली करने और ग्रीन जोन छोड़ने का आह्वान किया, जहां सरकारी सुविधाएं और विदेशी दूतावास स्थित हैं। मौलवी के आह्वान के बाद अल-सदर के हजारों समर्थक बगदाद के केंद्र को छोड़ने लगे। इस बीच, सुरक्षा बलों ने इराकी राजधानी में टाइग्रिस नदी पर सभी महत्वपूर्ण पुलों को खोल दिया और ठोस अवरोधों को हटाना शुरू कर दिया है। इराक में हालात सोमवार को तब और खराब हो गए थे जब सद्र ने राजनीति से संन्यास की घोषणा कर दी थी। 2003 के बाद पहली बार इराक को राजनीतिक गतिरोध का सामना करना पड़ा है। सद्र समर्थकों और सुरक्षा बलों के बीच हुई झड़पों में 30 लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए। सोमवार को सद्र के हजारों समर्थकों ने राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया था। वह वहां स्विमिंग पूल में नहाते, मीटिंग हाल व अन्य स्थानों पर टहलते नजर आए। यहां ये भी बता दें कि इराक में सद्र समर्थकों और उनके राजनीतिक विरोधी ईरान समर्थित शिया समूह के बीच लंबे समय से टकराव चला आ रहा है। उधर, इराक में चल रहे विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त करते हुए यूरोपीय संघ ने सभी दलों से आगे की हिंसा को रोकने के लिए संयम बरतने का आग्रह किया था। गौरतलब है कि, मुक्तदा अल-सद्र ग्रैंड अयातुल्ला सैय्यद मुहम्मद मुहम्मद-सादिक अल-सद्र के बेटे हैं। मुक्तदा अल-सद्र के पिता की 1999 में सद्दाम हुसैन ने हत्या कर दी थी। सद्दाम हुसैन की मौत के बाद शिया समर्थन से मुक्तदा अल-सद्र धीरे-धीरे इराक के सबसे चर्चित शख्?स बन गए। मुक्तदा अल-सद्र ने इराक में कई मुद्दों को प्रमुखता से उठाया, जिनपर जनता ने उन्हें समर्थन दिया। इराक में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार से निपटने के लिए मुक्तदा अल-सद्र ने आंदोलन भी किया, जिससे उनका राजनीतिक कद और बढ़ता चला गया।



## 100 रुपये के लिए कत्ल: गांजा खरीदने के लिए नसीम से मांगे थे पैसे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शादीपुर फ्लाईओवर रेलवे ट्रैक पर सोमवार रात को महज 100 रुपये के लिए बदमाशों ने एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त नसीम आलम के रूप में हुई है। मध्य जिला के स्पेशल स्टाफ ने हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाते हुए एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान लाल बाबू (36) के रूप में हुई है। पुलिस को मामले में दूसरे आरोपी भूमा की तलाश है। पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश कर रही है। सोमवार रात को नसीम अपने दोस्त तौकीर अंसारी के साथ गांजा खरीदने जा रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने नसीम को रोककर उससे 100 रुपये मांगे। नहीं देने पर भूमा और लाल बाबू ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू और खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिया है मध्य जिला पुलिस उपायुक्त श्वेता चौहान ने बताया कि सोमवार रात देर रात शादीपुर फ्लाईओवर रेलवे ट्रैक पर एक युवक को चाकू मारने की सूचना मिली थी।



## कांग्रेस में लग सकती है और इस्तीफों की झड़ी गुलाम नबी आजाद से मिल रहे कई बड़े नेता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता गुलाम नबी आजाद के इस्तीफा देने के बाद में सिर्फ जम्मू-कश्मीर में ही तकरीबन 60 से ज्यादा कांग्रेसियों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। खास बात यह है कि इस्तीफा देने वालों में जम्मू-कश्मीर के पूर्व उप मुख्यमंत्री समेत कई बड़े गैर मुस्लिम नेता भी शामिल है। कांग्रेस के बड़े नेता गुलाम नबी आजाद के पार्टी छोड़ने के बाद संगठन में अंदरूनी तौर पर कई बड़े नेताओं में हलचल मचनी शुरू हो गई है। पार्टी के कुछ पुराने और कद्दावर नेताओं ने गुलाम नबी आजाद से मुलाकात भी की है। हालांकि इस मुलाकात को महज सामान्य मुलाकात कहकर राजनैतिक हवाओं की तपिश को कम करने की कोशिश तो की जा रही है लेकिन माना जा रहा है कि अंदरूनी तौर पर बहुत कुछ पक रहा है। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के तो कई बड़े नेताओं ने पार्टी तक छोड़ दी है। सूत्रों का कहना है कि गुलाम नबी आजाद के पार्टी छोड़ने के बाद संगठन में भी बड़े बदलाव हो सकते हैं। जम्मू-कश्मीर में ही करीब 60 से ज्यादा कांग्रेसियों ने पार्टी से इस्तीफा दिया जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता गुलाम नबी आजाद के इस्तीफा देने के बाद में सिर्फ जम्मू-कश्मीर में ही तकरीबन 60 से ज्यादा कांग्रेसियों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। खास बात यह है कि इस्तीफा देने वालों में जम्मू-कश्मीर के पूर्व उप मुख्यमंत्री समेत कई बड़े गैर मुस्लिम नेता भी शामिल है। सूत्रों का कहना है कि यह सिलसिला अगले कुछ दिनों तक और चल सकता है। वजह बताते हुए कांग्रेस के ही एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि गुलाम नबी आजाद के साथ कई और नेता मुलाकात कर चुके हैं। हालांकि उनका कहना है कि यह मुलाकातें वास्तव में पार्टी छोड़ने के लिए हुई हैं या महज एक बड़े नेता के पार्टी छोड़ने के बाद की जाने वाली एक शिष्टाचार मुलाकात है, यह कहना थोड़ा मुश्किल है। लेकिन जिस तरीके के हालात हैं उसमें यह नहीं कहा जा सकता कि और नेता पार्टी नहीं छोड़ सकते हैं। कांग्रेस से ही जुड़े एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि गुलाम नबी आजाद ने जिस तरीके की चिट्ठी लिखकर राहुल गांधी पर निशाना साधा है उसी तरीके का आक्रोश पार्टी के कई नेताओं में है। यह बात अलग है कि वह खुलकर इस तरीके की चिट्ठियां नहीं लिख रहे हैं। लेकिन पार्टी से लेकर राजनीतिक गलियारों में ऐसे लोगों का नाम भी पता है और उनके अंदर उठने वाली नाराजगी का भी बखूबी अंदाजा है।



## मानिक भट्टाचार्य लुकआउट नोटिस के बाद बैठक में हुए शामिल, सीबीआई संपर्क नहीं होने का कर रही दावा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** शिक्षक घोटाला मामले में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के बाद से मानिक भट्टाचार्य सीबीआई की रडार पर हैं और सीबीआई उनको खोज रही है। इस बीच, सीबीआई ने हाल ही में उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया है। पिछले कुछ दिनों से सीबीआई बंगाल में शिक्षक घोटाला मामले में एक विधायक को खोज रही है। उनके खिलाफ लुक आउट नोटिस भी जारी किया जा चुका है। जिनकी खोज में सीबीआई दर-दर भटक रही है, तृणमूल कांग्रेस के विधायक मानिक भट्टाचार्य मंगलवार को विधानसभा पहुंचे, बैठकों में हिस्सा लिया और पत्रकारों से बातचीत करके चले गए। इसके बाद हर जगह यही चर्चा है, कि सीबीआई कहां है, विधायक जी तो यहां हैं।बंगाल के नदिया के पलाशीपाड़ा से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायक मानिक भट्टाचार्य, प्राथमिक शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं। शिक्षक घोटाला मामले में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के बाद से वे सीबीआई की रडार पर हैं और सीबीआई उनको खोज रही है। इस बीच, सीबीआई ने हाल ही में उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया। लेकिन मानिक हैं कि सीबीआई को मिल ही नहीं रहे।इस बीच, मंगलवार को मानिक विधानसभा में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में भी शामिल हुए और लगभग दो घंटे तक यहां रहे। बताया जा रहा है कि इस दौरान वे कुछ समय के लिए विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय में भी रहे। इतना ही नहीं निकलते समय विधानसभा के गेट पर उन्होंने मीडिया से भी बात की। हालांकि घोटाले व लुकआउट नोटिस के सवाल पर उन्होंने कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा, सीबीआई को मैंने पूरा सहयोग किया है। फरार होने के सवाल पर बोले, मैं तो घर पर ही था। जबकि सीबीआई हाल ही में दावा किया था कि मानिक से संपर्क नहीं हो पा रहा है। उल्लेखनीय है कि भट्टाचार्य विधानसभा में उच्च शिक्षा कमेटी की बैठक में शामिल होने के लिए आए थे। भट्टाचार्य विधानसभा में तीन कमेटी के सदस्य हैं।



## सामने आई किसान के मर्डर की बड़ी वजह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** लाश देखकर बेसुध हो गए थे परिजन, फावड़े से किए थे वारकिसान की हत्या की बड़ी वजह सामने आई है। तीन लोगों ने फावड़े और लाठी से हमला कर किसान की हत्या की है। वहीं यशवेंद्र की लाश देखकर परिजन बेसुध हो गए। शामली जनपद के कांधला क्षेत्र में फतेहपुर के जंगल में खेत में पानी चलाने के विवाद में किसान की फावड़े से हमला कर हत्या कर दी गई। उधर, पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। गांव जसाला निवासी यशवेंद्र (32) पुत्र यशपाल मंगलवार सुबह पानी चलाने के लिए गांव फतेहपुर माइनर के पास अपने खेतों पर गया था। चचेरे भाई विपुल ने बताया कि दोपहर तक उसके न लौटने पर वह अपने साथी के साथ यशवेंद्र को देखने पहुंचा। उस समय खेत से दो आदमी भागते हुए दिखाई दिए। उन्होंने खेत में अंदर जाकर देखा कि यशवेंद्र का खून से लथपथ शव वहां पड़ा था। उसकी आंखों व मुंह से भी खून बह रहा था। सूचना पर एसपी अभिषेक झा व अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। यशवेंद्र के पिता यशपाल ने पड़ोसी खेत मालिक खंद्रावली निवासी हारून और उसके पुत्र व भाई के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने हारून को गिरफ्तार कर लिया है। दो अन्य आरोपी फरार हैं।तीन लोगों ने एक साथ किया था हमला माइनर का पानी अपने खेत में चलाने को लेकर विवाद हुआ और उस पर तीन लोगों ने फावड़े व लाठी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। बताया गया कि यशवेंद्र अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था।



## स्वदेशी डिजिटल मंच

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**इम्तियाज अली ।** इंटरनेट आज आम आदमी की जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। जैसे औद्योगिक युग में बिजली के इंजन ने सामाजिक और आर्थिक परिवेश को बदल दिया था, ठीक वैसे ही इंटरनेट लोगों के निजी जीवन, संगठनों के आगे बढ़ने और राष्ट्रों की राजनीति को आकार देने में एक प्रमुख भूमिका अदा कर रहा है, लेकिन क्या इस डिजिटल दुनिया में हम वाकई आजाद हैं या हम अभी भी उन डिजिटल प्लेटफार्म्स पर निर्भर हैं, जो पश्चिमी देशों में बनाए गए हैं और भारत जैसे देशों में विचारों को पेश कर इन्हें आगे बढ़ा रहे हैं।

# स्थान जिला पंचायत सभागार में पुलिस अधीक्षक शहर संजय वर्मा सर जी के विदाई समारोह संपन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** 30/8/2022 स्थान जिला पंचायत सभागार में पुलिस अधीक्षक शहर संजय वर्मा सर जी के विदाई समारोह में भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता मनीष सिंह, जिला प्रवक्ता अधिवक्ता स्मृति गुप्ता,नगर अध्यक्ष कुसुम गुप्ता, यूथ जिलाध्यक्ष राहुल गुप्ता, श्रमिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष अधिवक्ता सुरेश यादव ,विधिक सचिव अधिवक्ता मयंक पाण्डेय ,अधिवक्ता अजीत शुक्ला, यूथ साथी विक्की जैकब , महिला साथी पूनम जी, महिला साथी अधिवक्ता कविता सिंह राजपूत उपस्थिति रहे है।



# पंखे के चुल्ले से लटकता मिला ऑटो चालक का शव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** नैनी थाना क्षेत्र के पीडीए के विश्व बैंक कॉलोनी निवासी क्षितिज मिश्रा 28 ऑटो चलाता था। चार दिन पहले उसे देखा गया था। मंगलवार की रात उसके कमरे से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को बताया। पीडीए के विश्व बैंक पड़ोसियों ने पुलिस को बताया। बुधवार की सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो उसका शव पंखे के चूल्हे से लटक रहा था। उससे तेज दुर्गंध उठ रहा था। पड़ोसियों ने बताया कि क्षितिज यहां अकेले रहता था। उसका एक भाई नैनी के ही रामनगर मोहल्ले में



कॉलोनी में बुधवार की सुबह एक ऑटो चालक का शव पंखे के चुल्ले से लटकता मिला। शव काफी सड़ चुका था । पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नैनी थाना क्षेत्र के पीडीए के विश्व बैंक कॉलोनी निवासी क्षितिज मिश्रा (28) ऑटो चलाता था। चार दिन पहले उसे देखा गया था। मंगलवार की रात उसके कमरे से दुर्गंध आने पर रहता है। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर तलाशी ली, लेकिन कोई सुसाइड नोट मौके पर नहीं मिला । बताते हैं कि चार दिन से उसका दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के स्वजनों को दी। पुलिस का कहना है कि वह फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# इंटर हाउस टूर्नामेंट 2022

**(आधुनिक समाचार सेवा)**


**(नैनी) प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबॉटम कशि प्रौद्योगिकी और विज्ञान विष्वविद्यालय के इंटर हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट 2022-2023 का उद्घाटन 22 अगस्त, 2022 को डॉ सी0 जे वेस्ली, संयुक्त रजिस्ट्रार, षियाट्स और अध्यक्ष, एथलेटिक्स समिति द्वारा किया गया था। उन्होंने खिलाडियों को खेल भावना और लगन के साथ खेल खेलने के लिए प्रोतसाहित किया, और उन्होंने सत्र 2022-23 के पहले आयोजन के लिए भी सभी लोगो को बधाई दी। एथलेटिक्स समिति की सचिव डॉ0 सुनीता बी0 जॉन ने मुख्य अतिथि को गमले मे लगे पौधे देकर स्वागत किया। ओपनिंग मैच पिंक हाउस और रेड हाउस के बीच खेला गया। पिंक हाउस ने रेड हाउस के खिलाफ 2-1 से मैच जीत लिया। पिंक हाउस के लिए वंतू ने दो गोल किए। इस अवसर पर प्रो0 डा0 पी0 जे0 जॉर्ज, डॉ0 विक्रम सिंह, श्री फैजान अहमद, श्री सत्यम केसरी, डॉ0 गौरव यादव, श्री अनूप मसीह-सुरक्षा अधिकारी, श्री आर0 के0 सिंह, श्री जैकब, मोहम्मद मजीद श्री गौरव सुमन एवं षारीरिक षिक्षा विभाग के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। टूर्नामेंट का आयोजन फुटबॉल खेल प्रभारी श्री अजय कुमार, सहायक प्रोफेसर, षारीरिक षिक्षा और मुख्य रेफरी श्री तनवीर अहमद और सहायक रेफरी श्री नरेष कुमार कनैजिया द्वारा किया गया था।



# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आठ जिला जजों का किया तबादला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** महानिबंधक की ओर से जारी की गई अधिसूचनाइलाहाबाद हाईकोर्ट ने आठ जिला जजों का तबादला कर दिया है। भूमि अर्जन, पुनर्वास अधिकरण के दो पीठासीन अधिकारियों को कॉमशिय्ल कोर्ट का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में हाईकोर्ट के महानिबंधक आशीष गर्ग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार देर रात आठ जिला जजों का तबादला कर दिया। इसके साथ ही चार भूमि अर्जन, पुनर्वास के पीठासीन अधिकारी, पांच प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण केएक पीठासीन अधिकारी, प्रशासनिक अधिकरण लखनऊ केचेयरमैन और एक सदस्य को जिला जज नियुक्त किया गया है। भूमि अर्जन, पुनर्वास अधिकरण केदो पीठासीन अधिकारियों को कॉमशिय्ल कोर्ट का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में हाईकोर्ट के महानिबंधक आशीष गर्ग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। स्थानांतरित होने वालों में फतेहपुर के जिला जज संतोष कुमार राय को इलाहाबाद का जिला जज, बस्ती के जिला जज विनोद कुमार को बरेली का जिला जज, सहारनपुर के जिला जज अश्वनी कुमार त्रिपाठी को फर्रुखाबाद का, एटा के जिला जज संदीप जैन को कानुपर नगर



का जिला जज, उननव के जिला जज हरवीर सिंह को फिरोजाबाद का जिला जज, बंदायू के जिला जज जफर अहमद को झांसी का जिला जज, संभल के जिला जज भानु देव शर्मा को शाहजहांपुर, प्रतापगढ़ के जिला जज संजय शंकर पांडेय को लखनऊ का जिला जज बनाया गया है। इसके अलावा कननैज के मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव को कननैज का जिला जज, प्रशासनिक अधिकरण लखनऊ की चेयरमैन बबिता रानी को सहारनपुर का जिला जज, आगरा के भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के पीठासीन अधिकारी को बांदा का जिला जज, मूरादाबाद के भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के पीठासीन अधिकारी जय प्रकाश पांडेय को सुल्तानपुर का जिला जज, महराजगंज के जिला जज सुनील कुमार चतुर्थ को चंदौली का जिला जज, मेरठ के भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के पीठासीन अधिकारी विजय शंकर उपाध्याय को हरदोई का जिला जज, बरेली के भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के पीठासीन अधिकारी विजय शंकर उपाध्याय को एटा का जिला जज बनाया गया है। वहीं फिरोजाबाद और लखनऊ के भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के पीठासीन अधिकारी संजीव शुक्ला और हरीश त्रिपाठी को उसी जिले में कॉमर्शियल कोर्ट का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# शुआट्स छात्राओं का विभिन्न कम्पनियों में हुआ चयन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**(नैनी) प्रयागराज।** सैम हिगिनबॉटम कृर्षी प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान वि0वि0 प्रयागराज में निदेशालय कैरियर प्लानिंग एण्ड काउन्सेलिंग के निदेशक डा0 देवराज बडुगू, ने बताया कि विभिनन कम्पनियों द्वारा आयोजित प्लेसमेंन्ट ड्राइव में 6 कम्पनियों टैफे, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा इन्टेलीपाट साप्टवेयर, बैजूस क्यू एण्ड क्यू रिसर्च इनसाइट्स प्रा0 लि0 और यूजू एग्रीकल्चर बारका ओमान आदि कम्पनियों ने प्लेसमेंन्ट का आयोजन किया। जिसमें टैफे में 5 महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा में 01 इन्टेलीपाट साप्टवेयर में 11 यूजू एग्रीकल्चर बारका ओमान में 01 बैजूस और क्यू एण्ड क्यू रिसर्च इनसाइट्स प्रा0 लि0 में एक एक छात्रों का चयन हुआ इन छहों कम्पनियां में कुल 20 छात्रों का चयन हुआ। निदेशक डा0 देवराज बडुगू, और उनकी टीम ने चयनित सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी। प्रतिकुलपति प्रो0 (डा0द्ध आईआर. जोनाथन ए0 लाल ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके सुनहरे भविष्य की कामना की।

# प्रयागराज के इस गांव ने प्रदेश में बनाई अलग पहचान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइट और ओपेन जिम की है सुविधाहोलागढ़ क्षेत्र का शाहपुर कल्याण उर्फ नेवादा गांव आधुनिक सुविधाओं की एक ऐसी मिसाल पेश कर रहा है जिसके चर्चे आसपास गांव के साथ-साथ पूरे जिले में है। इस गांव में कई जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, सड़कें पॉश इलाकों की तरह चौड़ी होने के साथ साथ गड्ढा मुक्त है। शहरों को तो चमचमाते आपने बहुत देखा होगा लेकिन प्रयागराज में एक ऐसा गांव है जिसने शहरों की चकचौंध को भी पीछे छोड़ दिया है। गांव में साफ सफाई की उत्तम व्यवस्था के साथ ओपेन जिम, सीसीटीवी और स्ट्रीट लाइट की बेहतरीन व्यवस्था है। यही कारण है कि यह गांव प्रदेश में नंबर वन बना हुआ है और इसे पुरस्कार भी मिल चुका है। होलागढ़ क्षेत्र का शाहपुर कल्याण उर्फ नेवादा गांव आधुनिक सुविधाओं की एक ऐसी मिसाल पेश कर रहा है जिसके चर्चे आसपास गांव के साथ-साथ पूरे जिले में है। इस गांव में कई जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, सड़कें पॉश इलाकों की तरह चौड़ी होने के साथ साथ गड्ढा मुक्त है। सड़क के किनारे स्ट्रीट लाइट भी लगाई गई है जो रात में दूधिया रोशनी से जगमगाती रहती है। गांव में अंत्येष्टि स्थल भी बनाया गया है। गांव के किसी भी घर में अगर कोई मृत्यु होती है तो अंत्येष्टि स्थल पर अंतिम संस्कार का पूरा प्रबंध किया गया है। इस स्थल को स्वर्गद्वार का दर्जा भी दिया गया है। इस गांव में कई मॉडर्न स्कूल भी है जिसको खूबसूरती के साथ सजाया गया है। इसके साथ गांव में ओपन जिम भी स्थापित है जिसमें बच्चों से लेकर हर उम्र के लोग अपना स्वास्थ्य दुरुस्त रखने के लिए एक्सरसाइज या कहें कि व्यायाम करते हुए नजर आते हैं। गांव पूरी तरीके से ओडीएफ भी है साथ ही साथ जगह जगह पर सार्वजनिक शौचालय भी बनाए गए हैं।प्रयागराज के साथ-साथ पूरे उत्तर प्रदेश में इस गांव की एक अलग ही पहचान होती जा रही है। नेवादा गांव के विकास के पीछे योगी आदित्यनाथ की मुहिम है जिसके चलते गाँव की महिला प्रधान ने महिलाओं का समूह बनाकर एक साल पहले प्रधान बनते ही काम शुरू किया। महिला सशक्तिकरण का उदाहरण देते हुए यहा की महिलाओं को मनरेगा के तहत गांव में ही काम दे दिया गया। अब गांव की महिलाएं भी कहीं बाहर मजदूरी करने नहीं जाती। गांव में ही काम करती हैं और अपने परिवार की भी देख रहे करती हैं। सबसे खास बात गांव की महिलाओं को काम का एक रफ्तार मिल गई है। शहर से तकरीबन 35 किलोमीटर दूर इस गांव में जब आप प्रवेश करेंगे तो आप को प्रवेश द्वार मिलेगा। गांव में किस वक्त कौन आया कौन गया इस लिहाज से सीसीटीवी कैमरा भी लगा है। पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के तहत गांव को सीसीटीवी से लैस किया गया है। गांव के लोगों को किसी तरह की दिक्कत ना हो या फिर रात के समय आने जाने में कोई समस्या न हो इसके लिए स्ट्रीट लाइट को भी लगाया गया है। इस गांव को और डिजिटल बनाने के लिए ऑप्टिकल फाइबर कि लाइन बिछाई जा रही है ताकि गांव वालों को इंटरनेट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा सके। यही नहीं गांव के प्राथमिक विद्यालय में डिजिटल क्लास की शुरुआत हो गई है। इसके साथ ही गांव के लोगों को हर छोटी बड़ी खबर की जानकारी देने के लिए लाउडस्पीकर भी लगाया गया है। इस गांव के तालाबों का सौंदर्यीकरण भी कराया जा रहा है। यही नही गांव के लोगों के लिए एक ओपन जिम भी बनवाया गया है जहां हर दिन गांव के लोग व्यायाम करते हुए नजर आते हैं। प्रयागराज के इस स्मार्ट गाँव मे जल्द ही एक तालाब में बच्चों के लिए नाव चलाने की सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी है । यही नहीं बच्चों के लिए एक पार्क बनाकर झूला लगने की भी तैयारी है। आने वाले समय में गांव में सामुदायिक वैवाहिक स्थल बनाने के साथ ही गोबर गैस का प्लांट लगाने की योजना है।



# अखिलेश यादव बोले- महिलाओं के खिलाफ अपराध और हिरासत में मौत मामले में यूपी अव्वल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एनसीआरबी के आंकड़ों को लेकर यूपी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इसके आंकड़ों से यूपी की स्थिति स्पष्ट हो गई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा झूठी पार्टी है। कैबिनेट की ब्रीफिंग में भी झूठ बोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़ों से यूपी की स्थिति स्पष्ट हो रही है। यूपी में महिला अपराध सबसे ज्यादा अधिकारी नोएडा को लूट रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसानों और युवाओं को धोखा दे रही है। भाजपा सरकार ने दूसरों की इमेज खराब करने और झूठ बोलने के लिए आईटी प्रोफेशनल रख रखे हैं। जिनकी ऊर्जा अच्छे काम में लगनी चाहिए थी, वे भाजपा के झूठ में खप रहे हैं। कहा, एक मंत्री ने दिल्ली से आकर ट्रांसफर-पोस्टिंग में कई सौ करोड़ रुपये कमा लिए। हर जगह सड़कें टूटी हैं और पौराणिक स्थलों व



हो रहे हैं। यही नहीं हिरासत में सबसे ज्यादा मौतें यूपी में हुई हैं। महिला अगर शिकायत लेकर थाने जाती है तो उसका सुरक्षित लौटना मुश्किल हो गया है। इसके बाद भी भाजपा सरकार सब दुरुस्त होने का दावा कर रही है। पार्टी मुख्यालय में उन्होंने कहा कि अब लेन-देन का भ्रष्टाचार थाने से तय हो रहा है। दुकानदारों और ठेले वालों से भी वसूली हो रही है। भाजपा के लोग हर बुरे काम और अपराध में लिप्त हैं। नोएडा में एक भाजपा नेता ने तो पूरी पार्टी के नेताओं के चरित्र की पोल खोल दी है। अखिलेश ने नोएडा पुलिस कमिशन्र पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का खास तालाबों को नष्ट किया जा रहा है। झूठ बोलने के लिए बनाए ट्वीट डिप्टी सीएम अखिलेश ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के बयानों को भाजपा की डिवाइड एंड रूल रणनीति का हिस्सा बताया। कहा, वे बैकवर्ड कम्युनिटी के पेड लोग हैं। मुख्यमंत्री को न बोलना पड़े, इसलिए दो ट्वीट डिप्टी सीएम रखे हैं। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक पर निशाना साधते हुए कहा कि वे मरीजों को इलाज और दवा की व्यवस्था कराने के बजाय दूसरे कामों में उलझे हैं। भारत की सीमा में चीन कब्जा कर रहा है, लेकिन सरकार के ट्वीट डिप्टी सीएम उस पर नहीं कुछ बोलेंगे।

# लखनऊ में सपा कार्यालय के बाहर गरजा बुलडोजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**लखनऊ।**समाजवादी पार्टी के कार्यालय के बाहर बुधवार को अवैध निर्माण हटा दिया गया। नगर निगम की टीम ने बुलडोजर की मदद से कार्रवाई को अंजाम दिया। राजधानी लखनऊ




स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय के बाहर बुधवार दोपहर बुलडोजर की गर्जना सुनाई दी। नगर निगम की टीम ने सपा कार्यालय के बाहर अवैध निर्माण को हटा दिया है। नगर निगम का कहना है कि इस संबंध में पहले नोटिस जारी कर दिया गया था और अब कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश में उन जगहों पर जहां अवैध निर्माण हुआ है वहां बुलडोजर चलाया जा रहा है। इस कार्रवाई को काफी तीव्र गति से अंजाम दिया जा रहा है।



# बिजली न होने के कारण बंद थे स्कूल के पंखे उमस भरी गर्मी ने किया बच्चों का ये हाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**भदोही।** भदोही के प्राथमिक विद्यालय गहरपुर में बुधवार को चार बच्चे उमस भरी गर्मी के कारण गस खाकर गिर पड़े। बच्चों को बेहोश देख शिक्षकों में हड़कंप मच गया भदोही जिले के डीघ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय गहरपुर में बुधवार को उमस और गर्मी से चार बच्चे बेहोश हो गए। तार टूटने से तीन दिनों से स्कूल में बिजली आपूर्ति बाधित थी। इससे शिक्षकों संग अभिभावकों में खलबली मच गई। आनन-फानन में बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी को मौके पर भेजा, हालांकि बिजली विभाग की ओर से कोई नहीं पहुंचा। ट्रांसफार्मर से



प्राथमिक विद्यालय गहरपुर तक बिजली आपूर्ति करने वाला तार तीन दिन पूर्व टूट गया। शिकायत के बाद भी उसे सही नहीं किया गया। बुधवार दोपहर में उमस और गर्मी में पढ़ते समय पांचवीं कक्षा के चार बच्चे अचानक गश्त खाकर गिर गए। यह देख मौजूद शिक्षकों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी फरहा रईस मौके पर पहुंचकर बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों की हालत सामान्य हो गई। घटना को लेकर अभिभावकों में बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी है।

# राष्ट्रीय सचिव के सामने आपस में भिड़े कांग्रेसी चुनाव में मिली हार को लेकर होनी थी समीक्षा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आजमगढ़।** में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोंक-झोंक और हाथापाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी सत्यनारायण पटेल के सामने ही निवर्तमान अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह व कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस हो गई। राष्ट्रीय नेता के सामने जिले के कांग्रेसी मंच साझा करने को लेकर आपस में भिड़ गए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बीते विधान सभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा को लेकर राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी सत्यनारायण पटेल का बुधवार को जनपद में आगमन हुआ था। कोल बाजबहादुर स्थित एक हाल में समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक शुरू होते ही निवर्तमान अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह व कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोंक-झोंक शुरू हो गई। राष्ट्रीय



महासचिव व प्रदेश प्रभारी सत्यनारायण पटेल की मौजूदगी में ही कहासुनी का विवाद कुछ ही देर में हाथापाई तक पहुंच गया। निवर्तमान अध्यक्ष का विरोध आक्रोशित कार्यकर्ता कर रहे थे। जिस पर प्रवीण सिंह समर्थक ने एक कार्यकर्ता पर हाथ तक उठा दिया। इतना ही राष्ट्रीय पदाधिकारी के साथ मंच साझा करने को लेकर भी कांग्रेसियों में विवाद की स्थित देखने को मिली। वायरल हुए वीडियो में राष्ट्रीय सचिव खुद निवर्तमान अध्यक्ष व अन्य नेताओं को अगल-अलग करते दिखायी दे रहे है। काफी देर तक हंगामा हुआ और कांग्रेस की गुटबाजी पूरी तरह से खुल कर सामने आ गई। जिसके चलते समीक्षा बैठक जहां प्रभावित हुई तो वहीं मौजूद नेताओं व कार्यकर्ताओं में तनाव का माहौल भी देखने को मिला। वीडियो वायरल होने के बाद इस प्रकरण में राष्ट्रीय सचिव से लेकर निवर्तमान जिलाध्यक्ष तक से बात की गई लेकिन इस मुद्दे पर कोई भी कुछ बोलने को तैयार नहीं हुआ।

# गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** सड़कों पर जल भराव, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट वाराणसी में बुधवार की दोपहर



में गरज-चमक के साथ तेज बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। बारिश से कई दिनों से उमस झेल रहे लोगों को राहत मिली। वाराणसी में मंगलवार को दिन में हल्की बूंदाबांदी के बाद बुधवार की दोपहर में गरज चमक के साथ तेज बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। नम पुरवा हवाओं के साथ आधे घंटे से अधिक समय तक हुई तेज बारिश की वजह से शहर की सड़कों पर जल भराव हो गया जिससे लोगों को आने जाने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि बारिश से कई दिनों से उमस झेल रहे लोगों को राहत मिली। मौसम वैज्ञानिक एसएन पांडेय ने बताया कि नम पुरवा हवाओं का दबाव मैदानी भागों में बढ़ने की वजह से बारिश संभावना बनी है। अभी दो दिन तक रुक रुक बारिश होते रहने की संभावना है।

# बिल्थरारोड ईओ ने कस्बे की दुकानो का सिंगल यूज प्लास्टिक का किया आकस्मिक चेकिंग,हुआ जुर्माना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** जिले के आदर्श नगर पंचायत बिलथरारोड मे आज मंगलवार को सिंगल यूज प्लास्टिक बैन होने के बाद भी पूर्ण रूप से बन्द नही हो पा रहा है। इसके लिए नगर पंचायत सहित बलिया में प्रशासन अलर्ट हो गया है। इस दौरान नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता नगर के बस स्टेशन, चौधरी चरण सिंह तिनमुहानी, मेनरोड सहित कई स्थानो पर आकस्मिक चेकिंग किया जहा एक दुकान से 75 ग्राम प्लास्टिक व ग्लास बरामद हुआ। शासनादेश के तहत ईओ ने 300 सौ रुपए अर्थ दण्ड जुर्माना लगाकर बरामद प्लास्टिक व ग्लास को सीज कर दिए। नगर पंचायत के इस कारवाई से दुकानदारो मे हड़कंप मच गई। इस दौरान शासनादेश के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाए गए प्रतिबंध को प्रभावी रुप से लागू कराये जाने के उद्देश्य से वृहद स्तर पर अभियान 25.08,2022 से 25.09.2022 तक आयोजित कराये जाने के संबंध मे पूरे प्रदेश मे सर्कुलर जारी किया गया है।इस प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक (100 माइक्रॉन से कम) 01.07.2022 से समस्त प्रदेश में प्रतिबंधित है अपितु वर्तमान में भी इसकी उपलब्धता निकायों में देखने को मिल रही है। जिसके रोकथाम के लिए समस्त प्रदेश में निकाय स्तर पर वृहद रूप से अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। जिससे कि



प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक को पूर्णतः प्रदेश भर में प्रतिबंधित किया जा सके। जारी शासनादेश के अनुसार सभी निकायों को निर्देशित किया गया है कि जिस हेतु नगर विकास विभाग द्वारा समस्त निकायों से अपेक्षा की जाती है कि दिनांक 25.08.2022 से दिनांक 25.09.2022 तक वृहद स्तर अभियान का आयोजन किया जाए । जिससे प्रदेश में प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जा सके । उपरिवर्णित अभियान को सफल बनाने हेतु निकाय के अधिकारियों एवं प्रवर्तन दल द्वारा क्षेत्रीय अधिकारियों के मध्य समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाया जाना अपेक्षित है। उक्त के संबंध में यह भी अवगत कराना है कि प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक हेतु चलाए जाने वाले अभियानन में राज्य मिशन निदेशालय द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले निकायों का प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक की जब्ती के आधार पर विश्लेषण कर राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा 1 जुलाई से कर दिया है प्रतिबंध आपको बता दें की सिंगल यूज प्लास्टिक पर 1 जुलाई से पूरी तरह रोक लगा दी गई। कोई सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग में लेगा तो उसके विरुद्ध पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत कार्रवाई होगी। इसमें जब्ती करने से लेकर प्रतिष्ठान पर कार्रवाई किया जाना शामिल है। हालांकि वैकल्पिक व्यवस्था ना होने के कारण विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज पुलिस द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद प्रयागराज के निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे श्रीमान् पुलिस अधीक्षक युमुनापर व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी करछना के पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र संजीव कुमार चौबे के नेतृत्व मे उ0नि0 निखिलेश तिवारी मय पुलिस टीम अभियुक्त सलमान उर्फ रहमान पुत्र स्व0 शहजादे निवासी रामपुर थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज को रामपुर तिराहा के पास थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार कर कब्जे से 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गाया। उक्त गिरफ्तार /बरामदगी के सम्बन्ध मे थाना औद्योगिक क्षेत्र मे मु0अ0सं0 245/22 धारा 8/20NDPS Act पंजीकृत किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी । गिरफ्तार विवरणः-सलमान उर्फ रहमान पुत्र स्व0 शहजादे कनवासी रामपुर थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज, उम्र करीब 26 वर्ष । पंजीकृत अभियोगः- मु0अ0सं0 245/22 धारा 8/20NDPS Act थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज बरामदगी विवरणः- 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा । अपराधिक इतिहासः- 1. मु0अ0सं0 211/19 धारा 60Ex. Act थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज । (2.मु0अ0सं0 653/21 धारा 21/22NDPS Act थाना खुल्दाबाद प्रयागराज। (3.मु0अ0सं0 136/22 धारा 4/5 Exp.(S)Act थाना नैनी प्रयागराज। (4.मु0अ0सं0 823/19 धारा 41/411 भादवि थाना नैनी प्रयागराज। पुलिस टीम का विवरणः- उ0नि0 लिखिलेश तिवारी चौकी प्रभारी यूनाइटेड, उ0नि0 विनय कुमार गुरुदेव चौकी प्रभारी रामपुर, उ0नि0 बलिराम कुमार, का0 नन्द किशोर, का0 धर्मेन्द्र कुमार थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज।

# बाढ़ पीडितों से बोले सीएम योगी डबल इंजन की सरकार राहत देने में कोई कोताही नहीं बरतेगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से गाजीपुर के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गाजीपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का प्रदेश के 1100 गांव प्रभावित हुए। इसमें गाजीपुर जनपद के 33 गांवों के सात हजार लोग प्रभावित हैं। प्रशासन राहत शिविरों और घरों तक पीड़ितों को राशन पहुंचा रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 288 नाव की व्यवस्था की गई है। 31 गोताखोर और 78 आपदा मित्र तैनात किए गए हैं। साथ ही पीड़ितों प्रभावित क्षेत्रों में प्रदेश के मंत्री दौरा कर रहे हैं। वाराणसी, गाजीपुर और चंदौली के दौरे पर मैं स्वंय आया हूं। गाजीपुर में एनडीआरएफ और फ्लड यूनिट की तैनाती की गई है। पांच हजार से अधिक पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सूखे के कारण दलहन, तिलहन की बुआई प्रभावित



दौरा किया। मुहम्मदाबाद के अष्ट शहीद इंटर कॉलेज में बाढ़ राहत शिविर में पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार राहत देने में कोई कोताही नहीं बरतेगी। प्रशासन को पीड़ितों की मदद के लिए सख्त हिदायत दी गई है। सीएम योगी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में औसत से कम बारिश हुई है। मध्यप्रदेश और राजस्थान से अतिरिक्त जल छोड़ने के कारण यूपी में बाढ़ की स्थिति है। इससे को 15 दिनों की राहत सामग्री दी जा रही है। सरकार युद्ध स्तर पर बाढ़ पीड़ितों की सहायता में जुटी है। एक घंटे की देरी से पहुंचे सीएम योगी मुख्यमंत्री कार्यक्रम में करीब एक घंटे की देरी से 2.54 बजे पहुंचे हेलीकॉप्टर से पहुंचे। राहत शिविर में सामग्री वितरण, छह मिनट के संबोधन, समीक्षा बैठक और प्रेस वार्ता के कुल आधे घंटे के कार्यक्रम के बाद 3.30 बजे चंदौली के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इटावा, जालौन आदि बाढ़ हुई है। बहुत से किसानों की धान की खेती नहीं हो पाई है। सरकार सीमांत और लघु किसानों को दलहन, तिलहन और सब्जी खेती करने के लिए दो हजार मीट्रिक टन बीज दिए जाएंगे। कार्यकम में बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि शासन की तरफ से बाढ़ के समय जो भी मदद हो सकती है, उसे दिया जा रहा है। कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एमएलसी विशाल सिंह चंचल समेत अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी रही।


# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

**प्रस्तुत विभन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।**

1. **प्रमाण पत्रः** सफल**प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः **15 सितंबर 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

# डीएवी पब्लिक स्कूल खडिया में आज विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न

## विद्यार्थी परिषद का गठन, आदित्य प्रताप सिंह बने हेड बॉय तथा अंजलि पांडे बनी हेड गर्ल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** /शक्तिनगर(राजेश शर्मा)ः-डीएवी पब्लिक स्कूल खडिया में आज विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण समारोह संपनन हुआ त् सर्वप्रथम कार्यक्रम संचालिका श्रीमती मंजू शुक्ला ने प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडे जी का हार्दिक वंदन एवं अभिनंदन किया, तदुपरांत संगीत शिक्षक संतोष कुमार सोनी एवं छात्रों ने स्वागत गान ठनिर्माणों के पावन युग में हम अपना निर्माण न भूलें एक प्रेरणास्पद् गीत प्रस्तुत किया कक्षा बारहवीं के छात्र आदित्य प्रताप सिंह जहां हेड बॉय के रूप में चयनित हुए वही कक्षा 12वीं की छात्रा अंजलि पांडेय को हेड गर्ल बनाया गया तथा कक्षा बारहवीं से विवेक कुमार को कल्चरल कैप्टन तथा ध्रुव प्रकाश यादव को स्पोट्र्स कैप्टन की जिम्मेदारियां दी गई त् साथ ही साथ कक्षा ग्यारहवीं से अमन तिवारी डिप्टी हेड बॉय तथा प्रिया मिश्रा डिप्टी हेड गर्ल के रूप में चयनित हुई त् कक्षा बारहवीं तथा 11वीं से दयानंद, अरविंदो, विवेकानंद, श्रद्धानंद सदन से कीर्तन अग्रहरी, अनन्या विश्वकर्मा, ओम प्रसाद, अनन्या सिंह, आकांछित् राय, सन्हा, नमन श्रीवास्तव तथा खुशी पांडे को हाउस कैप्टन एवं वाइस हाउस कैप्टन की जिम्मेदारियों से नवाजा गया प्राचार्या श्रीमती संध्या पांडे जी ने विद्यार्थी परिषद का शपथ ग्रहण कराते हुए उन्हें अपनी जिम्मेदारियों से अवगत कराया तथा साथ ही साथ पठन-पाठन कार्य को उत्कृष्ट बनाने की प्रेरणा भी दी ।



# नदी में डूबा अधेड़ व्यक्ति का शव चौबीस घंटे बाद तैरते हुए मिला अश्विनी कुमार ठाकुर




**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के चुनियरा में एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा मछली का जाल नदी से निकालने के दौरान आशंका जताई जा रही है कि मगरमच्छ अधेड़ को निगल गया। चोपन थाना अंतर्गत डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के कोटा ग्राम पंचायत के टोला चुनियरा के लाल मनी उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र तिलेश्वर बैगा बिते सोमवार शाम को मछली पकड़ने के लिए पंचूडीह सोन नदी घाट पर जाल लगाया था दुसरे दिन मंगलवार सुबह पांच बजे जाल नदी से निकालने पानी पहुंचा जहां से वह वापस बाहर नहीं आया कई घंटों के बाद घर नहीं पहुंचे पर परिजन खोज बिन करने लगे। सुबह से शाम होने तक नदी के आसपास क्षेत्रों में खोजने का प्रयास किया गया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका बुधवार सुबह तड़के ही गांव के लोगों द्वारा खोज बिन करते हुए घटना स्थल से लगभग एक किलो मीटर दूरी नदी में तैरते हुए शव दिखाई दिया और शव को बाहर निकाला गया सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डाला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रीम कार्यवाही में जुटी

# मांगों को लेकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का क्रमिक अनशन शुरू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के बैनर तले सोमवार को तापीय परियोजना के मुख्य द्वार पर मांगों को पूरा करने को लेकर क्रमिक अनशन शुरू किया। पहले दिन अनशन पर मुनन खान, गुड्डन प्रसाद, रमाशंकर, रामचंद्र, जमीर खान बैठे। अजय कुमार सिंह ने कहा कि कांट्रैक्ट लेबर एक्ट 1970 के अनुपालन में नियमित रूप से कार्य कर रहे संविदा श्रमिकों को आवास से बाहर किए जाने के प्रति प्रबंधन के रवैये से कर्मचारियों में गहरा असंतोष है। उमेश कुमार ने कहा कि परियोजना कॉलोनी की सड़कें गड्ढे और धूल से भरी हैं। इसके अनुरक्षण अथवा मरम्मत कार्य को लेकर परियोजना प्रबंधन का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा। हरदेव नारायण तिवारी ने कहा कि निर्माणाधीन सी परियोजना को देखते हुए परियोजना चिकित्सालय में सर्जन,नेत्र रोग, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती के साथ गुणवत्तापूर्ण औषधियों की व्यवस्था नहीं हो रही है। सभा को लालचंद, दीपक कुमार, आरपी त्रिपाठी, उमेश कुमार आदि



ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता इं अंकित प्रकाश ने की। संचालन योगेंद्र प्रसाद ने किया। प्रभात पांडेय, संजय शर्मा, चंद्रकांत, पशुपतिनाथ विश्वकर्मा, राजू सिंह, मोहनलाल, उदित नारायण, दुर्गा मिश्रा, प्रदीप तिवारी, विनोद जायसवाल, विनय कुमार, प्रदीप कुमार, सतीश कुमार, महेश विश्वकर्मा, आरके शर्मा, सैफुद्दीन, शिव कुमार आदि रहे।

# खलियारी में फिर मिले डायरिया के तीन मरीज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** नगवां ब्लाक के खलियारी गांव में फिर डायरिया के मरीज मिले हैं। उल्टी-दस्त की शिकायत पर तीन लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक सप्ताह पहले ही यहां डायरिया से एक मौत हो चुकी है। कई बीमार भी मिले थे। दवा-उपचार के बाद स्थिति नियंत्रण में आई थी। अब फिर से नए मामले आने के बाद स्वास्थ्य महकमे में खलबली मच गई है। सोमवार की रात गांव के ही उत्तरी मोहल्ले में बेफीया (45), विजय कुमार (26) और ओमप्रकाश (36) डायरिया की चपेट में आ गये। इन्हें जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी में भर्ती कराया गया है। डाक्टरों की देखरेख में उनका उपचार कराया जा रहा है। नगवां सीएचसी अधीक्षक डॉ. एसके वर्मा ने बताया कि गांव में निगरानी रखी जा रही है। दवा वितरण के साथ ही ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया है। गांव में गंदगी व दूषित पानी के सेवन से बीमारी बढ़ रही है। लोगों से पानी को उबाल कर पीने के लिए कहा गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार गांव में उत्तरी मोहल्ले में गंदगी का अंबार लगा है।




# सड़क पर खड़े न हों वाहन, व्यावसायिक प्रतिष्ठान करें पार्किंग का इंतजाम वरना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** नगर क्षेत्र में रोजाना लगने वाले जाम से नागरिकों को निजात दिलाने के उद्देश्य से मंगलवार को रेणुकूट पुलिस चौकी परिसर में बैठक हुई। पिपरी सीओ प्रदीप सिंह चंदेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में औद्योगिक संस्थान के प्रतिनिधि, परिवहन व्यवसायी और व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में चर्चा हुई कि नगर क्षेत्र में तमाम औद्योगिक प्रतिष्ठानों के कारण भारी वाहनों का आवागमन लगा रहता है। ऊर्जांचल से कोयले के परिवहन के कारण अत्यधिक ट्रैफिक दबाव होने के कारण लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। मुर्धवा मोड़ से लेकर हाईटेक मोड़ तक ट्रकों के आड़े तिरछे खड़े होने के कारण आवागमन बाधित हो जाता है और लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। मुर्धवा क्षेत्र में जाम लगने एक कारण दुद्धी में निर्माणाधीन लउवा नदी का पुल भी बताया जा रहा है। पुल का काम पूरा न होने से झारखंड जाने वाली गाडि़यां हाथीनाला से मुर्धवा होकर गुजर रही हैं। इस कारण ज्यादा ट्रकों के आवागमन से भीड़ बढ़ी है। इस कारण प्रतिदिन स्कूल बस, एंबुलेंस और जरूरी कार्य से निकले लोग घंटों जाम में फंस रहे हैं। सीओ प्रदीप सिंह चंदेल ने सभी पेट्रोल पंप को हिदायत दी है कि वह अपने पंप के आसपास पेट्रोलियम पदार्थ भराने वाली गाडि़यों को सुव्यवस्थित ढंग से पार्क कराने की व्यवस्था करें। उन्होंने परिवहन व्यवसायियों से भी कहा है कि वह अपने यहां गाडि़यों को सड़क छोड़ पटरियों पर ही पार्क करें। पिपरी थानाध्यक्ष अजय सिंह, भाजपा नेत्री बिंदु गिरी, क्षेत्रीय मंत्री राजेश सिंह, सूरज ओझा, अजय राय, बबलू पांडेय, विजय प्रताप सिंह, अरुण अग्रवाल, प्रमोद सिन्हा, अशोक कुशवाहा, चुनचुन ठाकुर, कौशल पांडेय, गोपाल साहू आदि मौजूद रहे।




# हिंदी सुलेख में प्रिया और दिव्यांशी प्रथम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** डॉ. अंबेडकर सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को हिंदी सुलेख व श्रुतलेख प्रतियोगिता हुई। इसमें बाल और किशोर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में तहसीलदार सिंह, तुलसी तिवारी और गिरीश नारायण शुक्ला ने निर्णायक की भूमिका निभाई। सुलेख प्रतियोगिता में बाल वर्ग से प्रिया शुक्ला, श्रेया यादव व जयदेव निष्पत और किशोर वर्ग में अंशिका पांडेय, गरिमा शर्मा व अर्पिता विश्वकर्मा ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह तरुण वर्ग में अनिल कुमार प्रथम, अमित कुमार द्वितीय और अखिल सोनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया श्रुतलेख प्रतियोगिता में बाल वर्ग में दिव्यांशी रावत, उमंग व स्वाति और किशोर वर्ग में प्रिया वैश्य, खुशी व आदित्य कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं तरुण वर्ग में आफताब प्रथम, अमित कुमार द्वितीय और दिव्या मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। परिणाम की घोषणा नरेंद्र भूषण शुक्ला ने की। संयोजक अशोक कुमार सिंह रहे।

# 617 लीटर शराब के साथ 51 गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** जिले में अवैध शराब समेत अन्य मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पिछले 24 घंटे में राबट्र्सगंज, घोरावल समेत अन्य थाना क्षेत्रों में कई जगहों पर पुलिस ने छापा मारकर 51 लोगों को 617 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने दस क्विंटल से अधिक लहन नष्ट कराया और कई भट्ठियों को तोड़ा। सोमवार की रात सदर कोतवाली पुलिस ने दस लोगों को 120 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। वहीं करमा पुलिस ने दो को 40 लीटर, पिपरी पुलिस ने तीन को 45 लीटर, रामपुर बरकोनिया पुलिस ने एक व्यक्ति को 15 लीटर शराब के साथ धर दबोचा। वहीं घोरावल पुलिस ने तीन लोगों को 50 लीटर, पन्नूगंज पुलिस ने दो को 25 लीटर, ओबरा पुलिस ने एक व्यक्ति को 20 लीटर शराब के साथ पकड़ा। शक्तिनगर पुलिस ने एक, बीजपुर पुलिस ने तीन, चोपन पुलिस ने पांच, शाहगंज पुलिस ने तीन, विंढमगंज पुलिस ने पांच, दुद्धी पुलिस ने तीन, म्योरपुर पुलिस ने पांच और रायपुर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

# फोटोस्टेट की दुकान से लैपटॉप, प्रिंटर चोरी करने वाले चोर गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** कुछ दिन पूर्व बभनी कस्बे में संचालित फोटो स्टेट की दुकान में चोरी करने वाले चोरों को पुलिस ने मंगलवार को चौना रोड से गिरफ्तार कर लिया। चोरों के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि बीते 25 अगस्त को बभनी कस्बे में संचालित फोटोस्टेट की दुकान की छत का शेड तोड़ कर चोर लैपटॉप, प्रिंटर, लेमिनेशन मशीन और टोनर चोरी कर ले गए थे। पीडि़त पृथ्वी सिंह निवासी खोतोमहुआ की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। मंगलवार को सुबह पुलिस ने चोरी के सामान के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह तीनों चोर अरबाज अहमद, सैफ अली और मकसूद निवासी पुरानी बाजार बभनी चोरी किये गये सामान को बोरे में डालकर कहीं बेचने के लिए घर से जा रहे थे। पुलिस ने तीनों चोरों को चौना रोड से गिरफ्तार कर लिया। बोरे की तलाशी लेने पर उसमें लैपटॉप, प्रिंटर, लेमिनेशन मशीन और टोनर बरामद हुआ।

# नृत्य-संगीत से बांधी समा खेलकूद में दिखाई प्रतिभा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल में विद्यालय उत्सव 'विबयोर-2022' धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। खेलकूद व अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।मुख्य अतिथि जिला युवा कल्याण अधिकारी शशिभूषण शर्मा ने खिलाडि़यों से परिचय प्राप्त किया। उन्हें श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। मेजर ध्यानचंद के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए विपरीत परिस्थितियों में भी सदा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का आह्वान किया। हॉकी मैच में अरुण शर्मा, अमरजीत यादव, अभिनव प्रताप सिंह, सत्यपाल, स्वदीप श्रीवास्तव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी देवी प्रसाद, एथलेटिक्स कोच ओमकार, फुटबाल कोच रितेश दास, तीरंदाजी कोच महेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि कक्षा 12 की छात्रा दृष्टि गुप्ता रहीं। बहुरंगी गुब्बारे उड़ाकर उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानाचार्या डैफनी अंगर ने बताया कि विद्यालय उत्सव को चार भागों में बांटा गया। सांस्कृतिक गतिविधि के अंतर्गत एकल नृत्य व गीत, संगीत-गायन, पाश्चात्य संगीत में विद्याथिर्यों ने प्रतिभा दिखाई। कला में हैंड पेंटिंग, मैगजीन कवर डिजाइन, कार्टून, फेस मास्क पेंटिंग के साथ ही हस्त शिल्प कला के अंतर्गत ग्रीटिंग कार्ड, कैंडल डेकोरेशन, फ्लावर पॉट डेकोरेशन, कुकिंग विद आउट फायर, हैंड सैलेड ड्रेसिंग, मेंहदी, साड़ी ड्रेपिंग व लेखन-कला प्रतियोगिता हुई।




# स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सुस्ती पर भड़के डीएम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** जिले में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की प्रगति बेहद खराब है। न महिलाओं व बच्चों का समय से टीकाकरण हो पा रहा है और न ही जननी सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाली धनराशि का नियमित भुगतान हो रहा है। बार-बार हिदायतों के बाद भी आयुष्मान कार्ड बनाने की गति भी सुस्त है। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में यह तथ्य सामने आने के बाद डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई है। जिम्मेदारों का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई समीक्षा बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति काफी धीमी होने पर डीएम ने कहा कि इसमें तत्काल सुधार लाएं। अगली बैठक से पहले इसे दुरुस्त कर लें। ऐसा न हुआ तो कड़ी कार्रवाई होगी। गर्भवती महिलाओं की जांच और टीकाकरण की समीक्षा के दौरान म्योरपुर और चोपन सीएचसी की प्रगति बहुत धीमी थी। दोनों सीएचसी के अधीक्षकों के वेतन भुगतान पर रोक लगाने का निर्देश दिया। जननी सुरक्षा योजना के तहत प्रसव उपरांत दी जाने वाली धनराशि के वितरण में चोपन, नगवां, केकराही की प्रगति धीमी होने पर तीनों चिकित्सा अधीक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा। डीएम ने सुरक्षित मातृ वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, फैमिली प्लानिंग, नियमित टीकाकरण के प्रगति की भी समीक्षा की। आमजन को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन तय समय में पूरा करने को कहा। बैठक में सीडीओ सौरभ गंगवार, एसीएमओ डॉ. आरजी यादव, एडीआईओ विनय कुमार सिंह आदि रहे। मेडिकल कराने के आदेश में संशोधन मारपीट के मामलों में बिना डीएम और सीएमओ की अनुमति के मेडिकल किए जाने के आदेश में संशोधन किया गया है। अब संबंधित क्षेत्र के पुलिस की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर भी चिकित्सकीय परीक्षण किया जा सकेगा। अगर कोई व्यक्ति सीधे चिकित्सकीय परीक्षण कराना चाहता है तो ऐसे मामलों में डीएम और सीएमओ की अनुमति जरूरी होगी। डीएम चंद्र विजय सिंह ने आदेश का उल्लंघन होने पर संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की हिदायत दी है।

# बराबरी पर खत्म हुई 21 हजार की ईनामी कुस्ता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** हरतालिका तीज के मौके पर करमा थाना क्षेत्र के हंस वाहिनी पूर्व माध्यमिक विद्यालय केकराही परिसर में कुश्ती प्रतियोगिता हुई। इसमें गाजीपुर, चंदौली, मिर्जापुर सहित अन्य जिलों के पहलवानों ने हिस्सा लिया। कुश्ती-दंगल का शुभारंभ केकराही के ग्राम प्रधान रामचंद्र प्रजापति ने अखाड़े के भूमि पूजन के साथ किया। जिले के दूर-दराज के इलाकों सहित अन्य जिलों से आए पहलवानों ने अखाडे में अपने-अपने अंदाज में दांव आजमाया। अखाड़े में 100 रुपये से लेकर 21 हजार तक पहलवानों पर बोली लगाई गई। ज्यादातर पहलवानों की कुश्ती बराबरी पर छूटी। कोमल पहलवान व हाजीपुर के गोलू पहलवान के बीच दो हजार रुपये के मुकाबले में गोलू ने बाजी मारी। धर्मेंद्र मुगलसराय व रमेश भवानीपुर (मिर्जापुर) के बीच 2100 के इनामी मुकाबले में रमेश ने बाजी मारी। वहीं वाराणसी के दीपक व पीडीडीयू नगर के सुनील के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। वहीं छोटू भवानीपुर व किसान हाजीपुर चंदौली के बीच 2100 की इनामी कुश्ती हुई। छोटू ने जीत हासिल की। वहीं अंतिम बोली हाजीपुर के चिनने पहलवान और वाराणसी के नरसिंह के बीच 21 हजार की ईनामी कुश्ती के लिए मुकाबला हुआ। ये मुकाबला भी बराबरी पर खत्म हुआ। निर्णायक की भूमिका संतोष तिवारी ने निभाई। विजेताओं को ग्राम प्रधान रामचंद्र कुमार व संतोष तिवारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उमाकांत मिश्र, अरुण पति त्रिपाठी, राजेन्द्र प्रसाद पांडेय, राकेश सिंह, जीएम सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, सरोज कुमार, चन्द्रवली विश्वकर्मा, कृष्ण मुरारी, लवकुश प्रजापति, राजकुमार, मनोज सिंह, बबलू, कमलेश सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# मैत्रीपूर्ण फुटबाल मैच की विजेता बनी ओबरा बी की टीम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** ओबरा के गांधी मैदान में सोमवार की शाम मेजर ध्यानचंद की जयंती पर ओबरा ए और बी के बीच मैत्रीपूर्ण फुटबाल मैच खेला गया। इसमें ओबरा गांधी क्लब ने खिताबी जीत हासिल की। सामाजसेवी कन्हैयालाल जायसवाल व राज सुशील पासवान के नेतृत्व में दोनों फुटबॉल टीम के बीच 80 मिनट का मैच खेला गया। मैच के दूसरे हाफ में ओबरा बी के खिलाड़ी बबलू यादव और अनिल कुमार ने एक-एक गोल कर अपनी टीम को 2-0 से जीत दिलाई। पहले हाफ में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी ओबरा शंकर प्रसाद, कोतवाल प्रभारी मिथिलेश मिश्रा ने मैच का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत को ओलंपिक खेलों में तीन स्वर्ण पदक दिलाने वाले और 400 से अधिक गोल करने वाले हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद पद्म भूषण से सम्मानित हुए। विजेता व उपविजेता टीम को प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ने ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। निर्णायक अरविंद यादव और मुकेश तिवारी रहे। इस अवसर पर उमाशंकर सिंह, फादर ज्ञान प्रकाश, राहुल पांडेय, अजय कुमार सिंह, पप्पू खान, नीरज भाटिया, मनोज पटेल, प्रकाश जायसवाल, मो. अहमद खान नूर, विनय पटेल आदि रहे।



# झोलाछाप की लापरवाही से बालिका की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** कोतवाली क्षेत्र के रन्नु गांव में सोमवार को दस वर्षीय बालिका की तबीयत बिगड़ गई। आरोप है कि झोलाछाप की लापरवाही से उसकी तबियत ज्यादा खराब हो गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही झोलाछाप क्लिनिक बंद कर फरार हो गया। रन्नू गांव निवासी मनोहर अगरिया के घर उनकी नतिनी रोमा (10) पुत्री कामेश्वर निवासी मूरता रहकर पढ़ती थी। सोमवार की दोपहर में बालिका की तबीयत खराब हो गई। गांव में ही इलाज करने वाले झोलाछाप ने बालिका को एक इंजेक्शन लगाया। कुछ देर बाद ही बालिका की तबीयत और बिगड़ गई। तबीयत गंभीर होती देख परिवार के लोग उसे दुद्धी सीएचसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन बालिका का शव लेकर मूरता गांव चले गए। उधर, रन्नू गांव में किराए के मकान में क्लिनिक संचालित करने वाला झोलाछाप फरार हो गया। इस संबंध में सीएचसी दुद्धी प्रभारी डॉ. शाह आलम अंसारी का कहना है कि बालिका मृतावस्था में अस्पताल पहुंची थी।

# टी20 विश्व कप से पहले स्टीव स्मिथ ने भरी हुंकार, बोले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** स्टीव स्मिथ ने कहा है कि जब वे पूरी लय में होते हैं तो शानदार बल्लेबाजी करते हैं। वे ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाने के हकदार हैं। वे जब चाहें छक्का लगा सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया में होने



वाले टी20 विश्व कप में दो महीने से भी कम समय बचा है। सभी टीमें इस टूर्नामेंट की तैयारी में जुटी हुई हैं और अपनी टीम फाइनल कर रही हैं। भारत के भी 15 खिलाड़ी लगभग तय हो चुके हैं। इस बीच कंगारू बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि वो टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं। स्मिथ ने यह भी कहा है कि वो जब चाहें तब छक्का लगा सकते हैं और ऐसा करने में सक्षम हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम इस साल भी टी20 विश्व कप जीत सकती है। 2021 टी20 विश्व कप में स्टीव स्मिथ ने चार पारियों में सिर्फ 69 रन बनाए थे। इसके बाद उन्हें टीम में जगह मिलना मुश्किल था। आईपीएल में भी उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था। अब स्मिथ ने खुद को टी20 के लिए फिट करार दिया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए उपयोगी हो सकते हैं स्मिथ स्टीव स्मिथ का मानना है कि वो टी20 फॉर्मेट में भी ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए उपयोगी खिलाड़ी हो सकते हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा ठमुझे लगता है कि जब मैं अच्छे से टी20 क्रिकेट खेल रहा होता हूं तो मैं उस टीम रहने का हकदार हूं। मुझे पिछले कुछ वर्षों में सब कुछ ठीक करने का काम दिया गया था, लेकिन अब वह टैग उनसे हट चुका है। श्रीलंका में मैंने स्वाभाविक रूप से अपना खेल खेला। मेरे अंदर कोई झिझक नहीं थी। उन्होंने आगे कहा ठअगर मैं पहली गेंद पर छक्का मारना चाहता हूं तो मैं ऐसा करने में सक्षम हूं। जब मैं अपना सर्श्रेष्ठ खेल खेलता हूं तो खुलकर बल्लेबाजी करता हूं। मैं गेंद को देखता हूं और गैप में खेलने की कोशिश करता हूं। जहां तक संभव हो हर गेंद को बल्ले के बीच में लेने की कोशिश करता हूं। मिशेल मार्श ने छीनी जगह टी20 विश्व कप में स्टीव स्मिथ के खराब प्रदर्शन के बाद मिशेल मार्श ने ऑस्ट्रेलिया के लिए कमाल किया। उन्होंने तीसरे नंबर पर कई बेहतरीन पारियां खेलीं और स्मिथ की जगह खतरे में आ गई थी। इसके बाद श्रीलंका दौरे पर स्मिथ को मौका मिला और उन्होंने 37 रन की शानदार पारी के साथ टीम में अपनी उपयोगिता साबित की। अब उन्हें भरोसा है कि वे विश्व कप टीम में जगह के हकदार हैं।

# हॉन्गकॉन्ग के ये खिलाड़ी एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के लिए बन सकते हैं परेशानी


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 2022 एशिया कप क्वालिफायर में हॉन्गकॉन्ग का प्रदर्शन असाधारण रहा था। टीम एशिया कप के लिए क्वालिफाई करने वाली छठी टीम बनी। निजाकत खान की टीम पूरे एशिया कप क्वालिफायर में अजेय रही। एशिया कप 2022 में अब तक ए और बी दोनों ग्रुप के कुछ शुरुआती मुकाबले एक्शन से भरपूर रहे हैं। हॉन्गकॉन्ग ग्रुप ए की एकमात्र टीम है जो अभी तक मार्की इवेंट में शामिल नहीं हुई है। भारत के खिलाफ 31 अगस्त को अपने पहले ग्रुप स्टेज मैच में टीम अच्छा करना चाहेगी। हॉन्गकॉन्ग फिर दो सितंबर को अपने दूसरे ग्रुप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ ग्रुप मैच विशेष रूप से पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण है। जीतने पर पाक टीम सुपर-4 के लिए क्वालिफाई करेगी। हारने पर टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। 2022 एशिया कप क्वालिफायर में हॉन्गकॉन्ग का प्रदर्शन असाधारण रहा था। टीम एशिया कप के लिए क्वालिफाई करने वाली छठी टीम बनी। निजाकत खान की टीम पूरे एशिया कप क्वालिफायर में अजेय रही। कुछ



असाधारण खिलाडियों ने हॉन्गकॉन्ग के लिए इसे संभव बनाया। यहां उन खिलडियों पर एक नजर डालते हैं जिन्होंने अपने जबरदस्त प्रदर्शन से हॉन्गकॉन्ग को प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में एंट्री दिलाई।30 वर्षीय बाबर हयात ने हालफिलहाल में हॉन्गकॉन्ग के लिए जबरदस्त बल्लेबाजी की है। एशिया कप क्वालिफायर में बाबर हयात तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने तीन मैचों में 97 रन बनाए। हालांकि, एशिया कप टूर्नामेंट उनके लिए पूरी तरह से अलग मंच होगा। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज दुनिया के सबसे बेहतरीन गेंदबाजों का सामना करेगा। इसलिए चीजें उनके लिए मुश्किल हो सकती हैं। बाबर हयात ने अब तक 32 टी-20 में 127.60 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। कप्तान निजाकत खान खुद टीम हॉन्गकॉन्ग के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। एशिया कप क्वालिफायर में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था। निजाकत ने तीन मैचों में 89 रन बनाए थे। उन्होंने अब तक कुल 51 टी-20 मैचों में 978 रन बनाए हैं। भारत और पाकिस्तान के खिलाफ मैचों में उन पर प्रशंसकों की नजर होगी।

# हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ खत्म होगा विराट के शतकों का सूखा जमकर तैयारी कर रहे कोहली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बुधवार को भारतीय टीम हॉन्गकॉन्ग का सामना करेगी। इस मैच में अपनी बल्लेबाजी का जौहर



दिखाने के लिए विराट कोई कसर नहीं छोड़ रहे। उन्होंने मंगलवार को जिम में पसीना बहाते हुए तस्वीरें शेयर कीं। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच में भारत के विराट कोहली ने धीमी मगर शानदार पारी खेली थी। उन्होंने 35 रन बनाए थे। हालांकि, इस मैच में उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स भी लगाए थे। लोगों को लगा था कि कोहली अपने दम पर वह मैच जिता देंगे। हालांकि, ऐसा नहीं हो सका और एक खराब शॉट पर कोहली अपना विकेट गंवा बैठे थे। अब बुधवार को भारतीय टीम हॉन्गकॉन्ग का सामना करेगी। इस मैच में अपनी बल्लेबाजी का जौहर दिखाने के लिए विराट कोई कसर नहीं छोड़ रहे। उन्होंने मंगलवार को जिम में पसीना बहाते हुए तस्वीरें शेयर कीं। फैन्स उम्मीद कर रहे हैं कि अगर कोहली को बल्लेबाजी का मौका मिला तो वह ऑन पेपर कमजोर हॉन्गकॉन्ग टीम के खिलाफ शतकों का सूखा खत्म कर सकते हैं।कोहली नवंबर 2019 के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक नहीं लगा सके हैं। उन्होंने पिछला शतक नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ लगाया था। तब उन्होंने 136 रन की पारी खेली थी। इसके बाद से टेस्ट, वनडे और टी-20, तीनों फॉर्मेट मिलाकर कोहली 69 मैचों की 80 पारियों में 35.46 की औसत से 2589 रन बना पाए हैं। इनमें 24 अर्धशतक शामिल हैं। वह एक दिसंबर 2019 से लेकर अब तक तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में सातवें नंबर पर हैं। इस दौरान उनका हाईएस्ट स्कोर 94 रन का रहा है, जो उन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में ही बनाए हैं। टी-20 में विराट के नाम कोई शतक नहीं है। ऐसे में हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ वह इस रिकॉर्ड को भी अपने नाम कर सकते हैं। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में विराट के नाम 100 मैचों में 49.89 की औसत और 137.17 के स्ट्राइक रेट से 3343 रन हैं।

# भारत-पाक मैच की दोनों पारियों के डेथ ओवरों में क्यों बदली थी फील्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान के मैच में दोनों पारियों के आखिरी दो ओवरों में सिर्फ चार फील्डर ही 30 गज के दायरे के बाहर थे। पहले रोहित और फिर बाबर आजम दोनों कप्तान एक अतिरिक्त फील्डर 30 गज के घेरे के अंदर रखने पर मजबूर थे। इसकी वजह आईसीसी का नया नियम है। एशिया कप में टीम इंडिया का पहला मुकाबला पाकिस्तान के साथ था और भारत ने यह मैच पांच विकेट से जीतकर टूर्नामेंट का विजयी आगाज किया। इस मैच की दोनों पारियों में आखिरी के ओवरों में सिर्फ चार फील्डर 30 गज के दायरे के बाहर थे। पहली पारी में आखिरी दो ओवर में रोहित को मजबूरन पांच फील्डर 30 गज के दायरे के अंदर रखने पड़े थे। इसके बाद दूसरी पारी में बाबर आजम को आखिरी तीन ओवरों में पांच फील्डर घेरे के अंदर रखने पड़े। टी20 में फील्डिंग के नियमों के अनुसार पावरप्ले के बाद पांच फील्डर बाउंड्री लाइन के पास रखने की अनुमति होती है, लेकिन इस मैच में ऐसा नहीं हुआ। इसकी वजह आईसीसी का नया नियम है। क्या है आईसीसी का नया नियम



आईसीसी क्रिकेट कमेटी ने पिछले साल सुझाव दिया था कि अगर कोई टीम तय समय पर 20 ओवर नहीं कर पाती है तो अतिरिक्त समय में किए जाने वाले ओवरों में उसे सिर्फ चार फील्डर बाउंड्री लाइन के पास रखने की अनुमति होगी। ऐसा मैच की गति और रोमांच को बनाए रखने के लिए किया गया है। नए नियम के अनुसार गेंदबाजी करने वाली टीम को अपना आखिरी ओवर 85वें मिनट में शुरू करना होता है। अगर कोई टीम ऐसा नहीं कर पाती तो 85वें मिनट के बाद उसे एक अतिरिक्त फील्डर 30 गज के दायरे के अंदर बुलाना होता है और बाउंड्री लाइन पर सिर्फ चार फील्डर ही रह जाते हैं। बाउंड्री लाइन में कम फील्डर होने से बल्लेबाजों को फायदा मिलता है। भारत और पाकिस्तान के मैच में भी ऐसा देखने को मिला। पाकिस्तान के पुछल्ले बल्लेबाजों ने आखिरी 11 गेंदों में 23 रन बना लिए। वहीं, भारत के लिए हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा की जोड़ी ने 16 गेंदों में 32 रन बनाकर मैच जीत लिया। टी20 विश्व कप में भी लागू होगा नियम यह नियम पहली बार वेस्टइंडीज और आयरलैंड के बीच हुए मैच में लागू हुआ था। इसके बाद से सभी मैचों में यह नियम लागू है। इसी साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप में भी यह नियम जारी रहेगा।

# पिछली बार की चैंपियन रादुकानू बाहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रादुकानू पहले राउंड में ही हारकर बाहर हो चुकी हैं। वहीं, नडाल ने जीत के साथ अगले दौर में जगह बना ली है। अल्कारेज भी दूसरे दौर में पहुंचे चुके हैं। यूएस ओपन के पहले दौर में राफेल नडाल ने ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता को हराकर अगले दौर में जगह बना ली है। उन्होंने इस मुकाबले में 21 वर्षीय खिलाड़ी को 4-6, 6-2, 6-3, 6-3 के अंतर से हराया। रिंकी को वाइल्ड कार्ड के जरिए इस टूर्नामेंट में जगह मिली थी। 2019 के बाद यह पहला मौका है, जब नडाल न्यूयॉर्क में कोई मैच जीते हैं। वहीं, पिछली बार महिला एकल की चैंपियन बनने वाली एमा रादुकानू को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा है और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। कार्लोस अल्कारेज भी दूसरे दौर में पहुंच चुके हैं। अल्कारेज के खिलाफ मैच में अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज पूरा मैच नहीं खेल सके और बीच मैच में बी रिटार्यड आउट हो गए। इसके बाद अल्कारेज ने दूसरे दौर में जगह बना ली है।

# राशिफल

**मेष-:** आज का दिन आपके लिए भाग्य और कर्म का अद्भुत संयोग बनने वाला है। पुराने समय के रुके हुए कार्य आज गति पकड़ेंगे। किसी महिला मित्र के सहयोग से उन्नति के योग हैं।

**वृष-:** आज आपने जो सोचा है वो सभी काम पूरे होंगे। आप किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आज आपके लिए कई चीजें फायदेमंद होंगी।

**मिथुन-:** आज आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना का कारण बन सकता है। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल होगा। दूसरों को यह बताने में जल्दबाजी न करें कि आज आप कैसा

**कर्क-:** आज आपका आत्मविश्वास और साहस चरम पर रहेगा. राजनीति या सामाजिक कार्य से जुड़े लोग कई सभाओं आदि में भाग लेंगे। आपको मान-सम्मान मिलेगा और कोई नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है।

**सिंह-:** आज आपके मन में किसी खास काम को लेकर कोई नया विचार आ सकता है. आप जल्द ही इस पर काम शुरू कर सकते हैं। काम की रूपरेखा पहले से बना लें, यह फायदेमंद साबित होगा।

**कन्या-:** नए व्यापारिक संबंधों और सौदों को अंतिम रूप देने के लिए यह एक अनुकूल अवधि है। कार्य संबंधी यात्राएं और सहयोग आने वाले महीनों में सकारात्मक परिणाम देगा।

**तुला-:** यदि आप अपना खुद का व्यवसाय कर रहे हैं तो साझेदारी में प्रवेश करने का यह एक अच्छा समय है जो भविष्य में फायदेमंद होगा. यदि आप नौकरी के लिए परीक्षा या प्रतियोगिता या साक्षात्कार में शामिल।

**वृश्चिक-:** आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा. अपनी मेहनत से परिवार की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में सफल रहेंगे। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिल सकती है।

**धनु-:** आप प्रसन्न और प्रफुल्लित रहेंगे। आपको कई अवसर प्राप्त होंगे और आपको वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके करियर और आपकी आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार होगा। प्रेमियों का समय सुखद रहेगा।

**मकर-:** आज आपको अपनी निजी बातें दूसरों से साझा करने से बचना चाहिए. भाग्य का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी हो सकती है। आप किसी सामाजिक कार्य में अपना सहयोग दे सकते हैं।

**कुंभ-:** आपकी माँ की सेहत आपको चिंतित रखेगी और आपके बच्चे भी अच्छे स्वास्थ्य में नहीं हो सकते हैं. लेकिन भौतिक समृद्धि की स्थिति बहुत फायदेमंद रहेगी और आपको विभिन्न स्रोतों से लाभ होगा।

**मीन-:** आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज किसी अधूरे काम में हाथ डालकर जल्दी ही पूरा हो सकता है। ऑफिस में प्रमोशन का नया मौका मिल सकता है। इस राशि के छात्र अगर योजना बनाकर तैयारी करें तो करियर ।

# स्टोक्स, रसेल या हार्दिक पांड्या वसीम अकरम ने बताया- कौन है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप के अपने पहले मैच में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या टीम इंडिया की जीत के हीरो रहे। उन्होंने तीन विकेट लेने के अलावा मैच जिताऊ पारी भी खेली। हार्दिक ने 17 गेंदों में नाबाद 33 रन बनाए थे। इसके बाद सोशल मीडिया पर मौजूदा समय के नंबर वन फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर को लेकर चर्चाएं फील्डिंग से कमाल कर सकते हैं। अकरम ने कहा- हार्दिक को भी यह बात पता है कि वह इस समय दुनिया का सबसे बड़ा ऑलराउंडर है। उनके पास 140 किमी प्रति घंटा से ज्यादा की रफ्तार है। जहां तक बैटिंग की बात है तो वह मैच के हालात और संभावनाओं के मुताबिक अपनी पारी को आगे बढ़ाते हैं। यही काबिलियत उन्हें भारत का सबसे अहम खिलाड़ी बनाता है। भारत



तेज हो गई हैं। कोई भारत के हार्दिक पांड्या को तो कोई इंग्लैंड के बेन स्टोक्स और वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल को नंबर वन ऑलराउंडर बता रहा है। इस मामले में अब पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने भी अपनी राय दी है। उन्होंने हार्दिक पांड्या को विश्व का सबसे बड़ा ऑलराउंडर बताया है। भारत बनाम पाकिस्तान एशिया कप मैच के बाद एक चैनल से बात करते हुए अकरम ने कहा- मेरे लिए हार्दिक इस वक्त विश्व के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर हैं। वह आंद्रे रसेल और बाकी सभी से बेहतर हैं। हार्दिक बल्लेबाजी, गेंदबाजी और के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान भी वसीम अकरम के इस बयान से सहमत दिखे। पठान ने कहा कि हार्दिक सही मायनों में भारत के लिए एक्स-फैक्टर हैं। वह शुरू में अपना समय लेते हैं और बाद में अपनी पारी से सभी को चौंका देते हैं। इस साल स्टोक्स ने इंग्लैंड के लिए एक भी टी-20 नहीं खेला है। वहीं, 2020 और 2021 में भी उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। 2020 में स्टोक्स ने छह मैचों में 126 रन बनाए थे। इसके अलावा छह विकेट लिए थे। वहीं, 2021 में स्टोक्स ने पांच मैचों में 84 रन बनाए थे और तीन विकेट लिए थे।

# न्यूजीलैंड के कीस दिग्गज ऑलराउंडर ने क्रिकेट को कहा अलविदा जाने

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ग्रांडहोम ने कहा कि उनकी उम्र बढ़ रही है और अब उनके लिए ट्रेनिंग मुश्किल होती जा रही है। खासकर चोटिल होने के बाद वापसी करना मुश्किल है। उन्होंने 36 साल की उम्र में क्रिकेट को अलविदा कहा है। न्यूजीलैंड के दिग्गज ऑलराउंडर कॉलिन डे



ग्रांडहोम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 36 साल के ग्रांडहोम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट से बात करने के बाद यह फैसला लिया। इसी के साथ उनका केन्द्रीय अनुबंध भी खत्म हो चुका है। न्यूजीलैंड के लिए तीनों फॉर्मेट में कुल मिलाकर 100 से ज्यादा मैच खेलने वाले ग्रांडहोम ने स्वीकार किया कि उनकी उम्र बढ़ रही है और अब उनके लिए चोट के बाद वापसी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्रांडहोम ने बताया कि फिटनेस की परेशानी और परिवार को समय देने के लिए उन्होंने यह फैसला किया है। उन्होंने कहा ठमैं स्वीकार करता हूं कि मैं अब युवा नहीं हो रहा हूं और ट्रेनिंग मुश्किल होती जा रही है। खासकर चोटिल होने के बाद। मेरा परिवार भी है, जिसमें लोग बड़े हो रहे हैं और मैं समझने की कोशिश कर रहा हूं कि क्रिकेट के बाद मेरा भविष्य कैसा है। यह सब कुछ पिछले कुछ हफ्तों से मेरे दिमाग में था।2021 में टेस्ट चैंपियन बनने वाली टीम का हिस्सा थे ग्रांडहोम कॉलिन डे ग्रांडहोम 2021 में टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। 2019 में भी न्यूजीलैंड को फाइनल तक पहुंचाने में उन्होंने अहम योगदान दिया था। उन्होंने अपने देश के लिए 3000 से ज्यादा रन बनाए और अक्सर अहम मौकों पर विकेट दिलाए। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के लिए खेलने पर उन्हें गर्व है। ग्रांडहोम ने कहा मुझे न्यूजीलैंड के लिए खेलने का मौका मिला और मैं खुद को किस्मत वाला मानता हूं। 2012 में डेब्यू करने के बाद मुझे अपने अंतरराष्ट्रीय करियर पर गर्व है, लेकिन मुझे लगता है कि यह खत्म करने का सही समय है।

# भारत का दूसरा मुकाबला हॉन्ग कॉन्ग से

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप में भारत का दूसरा मुकाबला हॉन्ग कॉन्ग की टीम के साथ है। टीम इंडिया यह मैच जीतकर सुपर चार में जगह बनाना चाहेगी। भारत के लिए यह मैच जीतना मुश्किल नहीं होगा, लेकिन विराट,रोहित और राहुल अपनी फॉर्म हासिल कर सकते हैं। पाकिस्तान को हराने के बाद टीम इंडिया एशिया कप में हॉन्ग कॉन्ग से भिड़ेगी। यह मैच जीतने पर भारतीय टीम सुपर चार में जगह बनाएगी और टूर्नामेंट के अगले दौर में पहुंच जाएगी। भारत की तुलना में हॉन्ग कॉन्ग की टीम काफी कमजोर है और टीम इंडिया को



यह मैच जीतने में कोई परेशानी नहीं होगी। भारत के शुरुआती तीन बल्लेबाजों के लिए यह मुकाबला अहम साबित हो सकता है। केएल राहुल, रोहित शर्मा और विराट कोहली पाकिस्तान के खिलाफ लय में नहीं दिखे थे। ये तीनों खिलाड़ी कमजोर गेंदबाजों के सामने अपनी लय हासिल कर सकते हैं और सुपर चार के मुकाबलों के लिए तैयार हो सकते हैं। आइए जानते हैं इस मैच के प्रसारण और ऑनलाइन टेलीकास्ट से जुड़ी सारी जानकारी कब होगा भारत और हॉन्ग कॉन्ग के बीच मैच एशिया कप का चौथा मुकाबला भारत और हॉन्ग कॉन्ग के बीच 31 अगस्त यानी बुधवार को खेला जाएगा। कहां खेला जाएगा भारत और हॉन्ग कॉन्ग के बीच मैच भारत और हॉन्ग कॉन्ग के बीच यह मैच दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। कब शुरू होगा भारत और हॉन्ग कॉन्ग का मुकाबला भारत और हॉन्ग कॉन्ग के मैच में टॉस भारतीय समयानुसार शाम 7:00 बजे होगा और पहली गेंद 7:30 बजे फेंकी जाएगी। कौन से टीवी चैनल पर प्रसारित होगा मैच एशिया कप के प्रसारण का अधिकार स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के पास हैं। आप स्टार स्पोर्ट्स 1, स्टार स्पोर्ट्स 3, स्टार स्पोर्ट्स सेलेक्ट एचडी पर यह मैच देख सकते हैं। फोन या लैपटॉप पर कैसे देख सकते हैं लाइव मैच इस मैच की लाइव-स्ट्रीमिंग भारत में डिजनी प्लस हॉटस्टार एप पर देखी जा सकती है। इसके अलावा आप मैच से जुड़ी खबरें, लाइव अपडेट्स और रिकॉर्ड्स पर भी पढ़ सकते हैं। फ्री में कैसे देखें मैच डीडी फ्री डिश में इस मैच का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर किया जा रहा है। डीडी स्पोर्ट्स चैनल के लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है। ऐसे में आप बिना कोई पैसा दिए इस सीरीज के मैच देख सकते हैं। दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11 भारतः रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह। हॉन्ग कॉन्गः यासिम मुर्तजा, निजाकत खान (कप्तान), बाबर हयात, किंचित शाह, एजाज खान, स्कॉट मैककेनी (विकेटकीपर), जीशान अली, हारून अरशद, एहसान खान, मोहम्मद गजानफर, आयुष शुक्ला।

# सम्पादकीय

## बारिश और सूखाः अनमोल पानी का अवमूल्यन

नए आंकड़ों से पता चलता है कि 39 करोड़ लोग उन क्षेत्रों में रहते हैं, जो बाढ़ से सीधे प्रभावित हैं। अति निर्धन लोगों के जीवन, जीविका और कल्याण पर बाढ़ का सबसे बुरा असर पड़ता है। हमारे समाज का स्वरूप शुरुआती दिनों से ही बारिश, नदियां, तटों और समुद्रों द्वारा निर्धारित किया गया है। शास्त्रीय पुरातनता से लेकर अब्राहमिक धर्मों (इस्लाम, ईसाइयत और यहूदी) और फिर प्राचीन मेसोपोटामिया तक की कहानियां बताती हैं कि कैसे पानी ने इतिहास को बदला। भारत में मानसून जून से सितंबर के बीच 80 फीसदी बारिश लाता है, जो बचपन से लेकर संस्कृति और वाणिज्य तक को आकार देता है। बारिश के स्तर में विविधता कोई नई बात नहीं है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप इसकी तीव्रता नई है। जलवायु परिवर्तन को पानी के माध्यम से सबसे अधिक गहराई से महसूस किया जाता है। उच्च तापमान के कारण सूखा, बाढ़ और बढ़ती वर्षा परिवर्तनशीलता होती है। ग्लोबल वार्मिंग में जरा-सी भी वृद्धि होने से पानी संबंधी जोखिम के तेज होने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए पानी की बहुलता और संकट से जुड़ी चिंताएं नीतिगत चर्चा के केंद्र में हैं। वैज्ञानिक इस बात पर सहमत हैं कि मानसून में परिवर्तनशीलता में बदलाव जारी है और आगे भी रहेगा। भारत पहले से ही बारिश के दिनों में छोटे-छोटे अंतराल और कभी-कभी एक महीने के अंतराल पर लंबे सूखे का सामना करता रहा है। इसी वर्ष जून में असम सूखे से जूझ रहा था, लेकिन सप्ताह भर के भीतर ही वहां विनाशकारी बाढ़ आ गई। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) की ताजा रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि जलवायु परिवर्तन के साथ इस तरह के भयंकर जोखिमों की आशंका और अधिक होगी। पानी की बढ़ती परिवर्तनशीलता (अतिवृष्टि या अनावृष्टि) समुदायों पर भारी पड़ सकती है। अतिवृष्टि के कारण महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों, घरों को नुकसान पहुंचता है और पानी के किनारे रहने वाले लाखों लोगों की आजीविका बाधित होती है। नए आंकड़ों से पता चलता है कि 39 करोड़ लोग उन क्षेत्रों में रहते हैं, जो बाढ़ से सीधे प्रभावित हैं। अति निर्धन लोगों के जीवन, जीविका और कल्याण पर बाढ़ का सबसे बुरा असर पड़ता है। पर धीमी गति से चलने वाला सूखा धीमी गति के दुख की तरह है, जो कंपनियों और शहर की उत्पादकता को बाधित कर सकता है, वनों के विनाश को बढ़ा सकता है और लोगों के स्वास्थ्य एवं कृषि प्रणालियों को नुकसान पहुंचा सकता है। अधिकांश देशों ने अपनी जलवायु परिवर्तन योजनाओं में अनुकूलन के लिए पानी को प्राथमिकता दी है। आईपीसीसी की ताजा रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि इन जलवायु परिवर्तन अनुकूलन रणनीतियों में से अधिकांश कृषि क्षेत्र को लक्षित करते हैं। इन सर्वव्यापी अनुकूलन रणनीतियों में से एक सिंचाई, रणनीतिक भंडार और फसलों पर पानी का अनुप्रयोग है। ये प्रयास फसलों को वर्षा की बढ़ती परिवर्तनशीलता और बढ़ी हुई गर्मी की कुछ कठिनाइयों और अनिश्चितताओं से बचाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। भारत में इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण भूजल सिंचाई है, जिसमें 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बेशक इससे खेतों को भारी लाभ हुआ है। लेकिन किस हद तक और कब तक? हमने गेहूं के मामले में इसकी जांच की, जो कि अनुमानतः देश में सिंचाई की बढ़ती मांग का मुख्य कारण है। परिणाम बताते हैं कि भारत में गेहूं के पैदावार में वृद्धि के लिए सिंचाई में वृद्धि महत्वपूर्ण रही है। सिंचाई ने सूखे के प्रभाव को कम कर दिया है। हालांकि इसको लेकर संदेह है कि यह लाभ भविष्य में भी जारी रहेगा। हाल के वर्षों में सिंचाई के विस्तार से उपज लाभ धीमा हो गया है, जबकि बढ़ते तापमान और सूखे के नकारात्मक परिणाम बढ़ते जा रहे हैं। यह बताता है कि अतीत में काम करने वाली रणनीतियां भविष्य में काम नहीं कर सकतीं। इसका एक कारण यह है कि अतीत के लाभ भूजल स्रोतों पर बढ़ते दबाव की कीमत पर आए हैं। नतीजतन भूजल का व्यापक दोहन हुआ है और भूजल स्तर में गिरावट आई है। भूजल की कमी से देश में फसलों का उत्पादन काफी घट सकता है, जिससे लोगों की खाद्य सुरक्षा, आजीविका और कल्याण प्रभावित हो सकते हैं। भूजल स्तर के घटने का एक अर्थ सूखे के मौसम में नदियों का सूखना भी है, जब पानी की सर्वाधिक जरूरत होती है। विडंबना देखिए कि जिस संसाधन ने अतीत में जलवायु परिवर्तनशीलता को कम किया है, वह ऐसी स्थितियां भी पैदा कर सकता है, जो भविष्य में प्रतिकुलताओं को और बढ़ाए। कुछ शुष्क क्षेत्रों में मुफ्त या कम लागत में पानी की आपूर्ति पानी की बहुतायत का भ्रम पैदा करती है, जिसके चलते ज्यादा पानी की खपत वाली फसलों की खेती बढ़ती है। जल निवेश भी अनजाने में असमानताओं को बढ़ा सकता है।

## राष्ट्रीयता की भावना जगाता गणेशोत्सव पर्व

आज गणेश उत्सव के पण्डाल एक दूसरे के प्रतिस्पर्धात्मक हो चले हैं। गणेशोत्सव में प्रेरणाएं कोसों दूर होती जा रही हैं और इसको मनाने वालों में एकता नाम मात्र की रह गई है। इस बार हमें एक बार फिर से संगठित होकर गणेशोत्सव को इतनी खुशी व धूमधाम से मनाना चाहिए जिससे समाज में एकता व भाईचारा बढ़ सके भारत पर्व-उत्सवों का देश है और गणेश चतुर्थी उन्हीं उत्सव में से एक है। गणेशोत्सव को 10 दिनों तक बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है। इस त्योहार को गणेशोत्सव या विनायक



चतुर्थी भी कहा जाता है। पूरे भारत में भगवान गणेश के जन्मदिन के इस उत्सव को उनके भक्त बहुत उत्साह के साथ मनाते हैं।भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी नए काम को प्रारंभ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान गणेश की पूजा करने के बाद प्रारंभ होने वाला कार्य हर हाल में पूरा होगा। भगवान शिव व माता पार्वती के पुत्र गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है।मान्यता है कि मनुष्य जब भी किसी संकट में फंसता है और सच्चे मन से भगवान गणेश को याद करता है तो उसका संकट टल जाता है। गणेश शब्द का अर्थ होता है जो समस्त जीव जाति के ईश अर्थात् स्वामी हो। गणेश जी को विनायक भी कहते हैं। विनायक शब्द का अर्थ है विशिष्ट नायक। वैदिक मत में सभी कार्य के आरम्भ जिस देवता का पूजन से होता है, वही विनायक हैं। गणेश चतुर्थी के पर्व का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्त्व है।मान्यता है कि भगवान गणेश विघन का नाश करने और मंगलमय वातावरण बनाने वाले हैं।गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु सहित पूरे भारत में काफी जोश के साथ मनाया जाता है। किन्तु महाराष्ट्र में इसे विशेष रूप से मनाया जाता है। पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेशजी की पूजा की जाती है। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी-बड़ी प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। इन प्रतिमाओं का नौ दिन तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने पहुंचते हैं। नौ दिन बाद गणेश प्रतिमाओं को समुद्र, नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है।गणेश चतुर्थी का त्योहार आने से दो-तीन महीने पहले ही कारीगर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं।

# एक उत्सव की स्मृति रेखाः जानता हूं तुम मूलाधार के स्वामी हो लेकिन मैं तुम्हें स्मृतियों के अनाहत में पाता हूं

मनुष्य देह में स्थित सात चक्रों में गणेश मूलाधार चक्र के स्वामी हैं, किंतु मैं उन्हें अपने अनाहत चक्र में पाता हूं। हृदय संसार में। जहां अतीत प्रवाहित होता है। मेरे लिए गणेशोत्सव यानी छोटे से पंडाल में कसी जा रही जूट की रस्सी और बांस की सुगंध का भीतर तैरना। 11 दिन के प्रसाद का मेनू कार्ड-खीरे-केले का महकना। खोपरे और शक्कर के बुरादे की सुगंध। कस्बे के बाजारों की मूर्ति के पीछे घूमते थकते पैर..! धड़कता हुआ इंदौर, झांकियों में गूंजता उल्लास, मुंबई की सैंकड़ों गलियों में उमड़ाता जनसैलाब, लोकल ट्रेन में गूंजते जयकारे, लालबाग के राजा की भव्यता, लोअर परेल में कहीं गुम हो जाना है..! वे रूप में स्थायीत्व हैं। स्थापित की स्थिरता। पृथ्वी तत्व का प्रतीक। पौराणिक कथाओं की अनगिनत श्रृंखला उनके स्वरूपों को उनके जीवन के समानांतर रचती चलती है। नामों की असंख्य पुकार भी तो वही है। प्रार्थना के आर्त भाव से उपजी अभिव्यक्तियां। कहीं विघ्नें को हरने की उपस्थिति है तो कहीं शुभ और मंगल को अच्छादित कर देने वाली शक्ति। वे वेदव्यास के लेखक/लिपिक और गणों के ईश श्री गणेश हैं/ गज मुख वाले गजानन हैं/ वरदमूर्ति और मंगलमूर्ति हैं/ विनायक के अष्टरूपों में विराजित हैं। ऊर्जावान योगी और नर्तक भी तो हैं। रिद्धि-सिद्धि, शुभ-लाभ और मंगल के देवता।सभी दिशाओं के स्वामी और प्रथम पूज्य के रूप में गणेश जितने ऐतिहासिक हैं उतने ही पौराणिक भी हैं। पुरातत्व की विरासत में उनकी उपस्थिति देश के संग्रहालयों में शोभा बढ़ाती रही है। धातुओं और मिट्टी में आकार लिए उनकी देह की गौरवशाली प्रतिमाएं मिथकों और इतिहास के बीच कौतुहूल रचती यात्रा ही तो है। विनायक हर जगह हैं क्योंकि



वे प्रथम में समाहित हैं तो अनंत का विसर्जन भी हैं। उनके आयाम बहुआयामी हैं। हर दिक्-दिशाओं में विराजित देव। स्वामी। वे राष्ट्र की पौराणिक यात्रा की धुरी हैं तो इतिहास से वर्तमान में चली आ रही ऐसी स्मृति रेखा हैं जो काल के प्रवाह में आजतलक फीकी नहीं पड़ी। मंद नहीं पड़ी अपितु जितनी ज्यादा अनवरत् हुई उतनी ज्यादा सुर्ख और गहरी होती चली गई है- सच कहूं तो श्री गणेश मेरे मानस पटल पर रची वही स्मृति रेखा है जो समय के साथ जितनी दूर चली जाती है उतनी ही आत्मा में गहरी खिंचती चली जाती है। दरअसल, श्री गणेश अपने सामाजिक/ सांस्कृतिक/पौराणिक और अध्यात्मिक स्वरूपों के इतर मेरे लिए स्मृतियों के देवता रहे हैं। वे मेरे लिए अतीत की स्मृतियों का ऐसा रोचक/ आश्चर्य और उल्लास व उमंग से भरा गलियारा है जहां से लौटना मुझे सदा समृद्ध की आंतरिक संपदा से सम्पनन्न करता रहा है।लंबोदर- तुम्हें देखते ही मेरे भीतर गली-मोहल्ले का बचपन साकार हो उठता है। तुम्हें स्थापित करने की योजनाएं किसी महत्वपूर्ण चर्चा की तरह मुस्काने लगती है। मूर्ति के तरह-तरह के आकार सामने आते हैं। 11 से 21 रुपये तक की चंदे की रसीदें और 51 रुपये मिलने की खुशी मुस्काने लगती है। छोटे से पंडाल में कसी जा रही जूट की रस्सी और बांस की सुगंध अंदर तैरने लगती है। 11 दिन के प्रसाद का मेनू कार्ड आंखों के सामने तैरने लगता है। खीरे-केले महकने लगते हैं/ खोपरे और शक्कर के बुरादे की सुगंध तैरने लगती है /कस्बे के बाजारों की मूर्ति के पीछे घूमते थकते पैर याद आने लगते हैं- तरह-तरह के चक्र, साज-सज्जा की चीजें, झालरें, चमचमाती लाइट की लड़ियां, देर रात का जगना, भोली-मासूम कल्पनाओं में खो जाना और फिर कस्बे की तमाम झांकियों/ गणपति पंडालों में देर रात भटकते हुए घर लौट आना यह सबकुछ मेरे भीतर आकार लेने लगता है- तुम्हारी आंखों में झांकते ही स्मृतियों की असंख्य बेल देखते ही हरी-भरी होने लगती है गणपति का होना मेरे लिए यही सबकुछ तो होना रहा है- हे विनायक योग की अवधारणा में निहित मनुष्य देह में स्थित सात चक्रों में भगवान गणेश मूलाधार चक्र के स्वामी हैं, किंतु मैं तुम्हें अपने अनाहत चक्र में पाता हूं! हृदय संसार में। जहां मेरा अतीत प्रवाहित होता है। मेरे लिए गणेशोत्सव यानी धड़कता हुआ इंदौर, झांकियों में गूंजता उल्लास, मुंबई की सैंकड़ों गलियों में उमड़ाता जनसैलाब, लोकल ट्रेन में गूंजते जयकारे, लालबाग के राजा की भव्यता, लोअर परेल में कहीं गुम हो जाना है। औरंगाबाद के अद्भुत और अद्वितीय परंपरा संसार में भटकने लगना है, लेजिम की थाप और लता-उषा के मराठी संगीत से सराबोर हो उठना है- तुम्हें पता है वरमूर्ति, तुम्हारा होना मेरे भीतर उमंग से नहाना/ प्रेम व सन्हे के गूंजते उल्लास में खो जाना है जिसका कहीं किसी शब्द संसार में वर्णन नहीं है- गणेश तुम मेरे भीतर चमकता हुआ स्मृति पुंज हो। सुदूर कोनों से उठती पुकार जो हममें एकता स्थापित करती है।हे गणेश दिल की इन गलियों में देखो ना आज मेरी भी पीढ़ियां शामिल हो रही हैं. मैं तुम्हारा स्थायीत्व नहीं विसर्जन स्वीकार करुंगा।

## चीनी, खेती और लाभ का हिस्सा : न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी की दरकार, बकाया राशि के फेर में किसान

खेती को लाभकारी बनाए बगैर कोई विकल्प नहीं है। बजट सत्र में कृषिमंत्री ने स्वयं माना है कि किसान परिवार की मासिक आमदनी 6,426 रुपये मासिक है और मासिक खर्च 6,223 रुपये दर्ज किया गया है। डीजल, बिजली, खाद, मजदूरी, कीटनाशक दवाइयों के दामों में बेतहाशा वृद्धि होने से लागत मूल्य काफी बढ़ चुका है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी ने आगामी चीनी वर्ष 2022-23 के लिए गनन्े का उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 305 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया है। यह मूल्य पिछले वर्ष के मुकाबले 15 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। आगामी



एक अक्तूबर से चालू होने वाले पेराई सीजन से यह लागू होगा। इसके लिए चीनी की बेसिक रिकवरी 10.25 फीसदी निर्धारित की गई है। इसका सीधा अर्थ है कि एक क्विंटल में 10.25 फीसदी चीनी निकलती है, तो किसान को 305 रुपये मिलेंगे। गौरतलब है कि कृषि लागत मूल्य आयोग ने एक क्विंटल गनन्े का मूल्य 162 रुपये आंका है और इसमें 88.3 फीसदी की बढ़ोतरी का दावा किया गया है, जबकि स्वामीनाथन आयोग की मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत यह बढ़ोतरी पांच फीसद से अधिक नहीं है। गनन्े के मूल्य की एफआरपी में यह बढ़ोतरी पिछले वर्षों के मुकाबले अधिक है, लेकिन किसान संगठनों ने इसे नाकाफी बताकर आंदोलन की धमकी दी है, तो चीनी मिल मालिकों की संस्था एस्मा ने वृद्धि को अधिक बताकर चीनी के दामों में बढ़ोतरी की मांग की है और घरेलू बाजार में चीनी को भाव बढ़ाकर बेचने की छूट भी मांगी है। पिछले कई वर्षों से चीनी उद्योग को लाभप्रद बनाने के कई प्रयास हुए हैं। किसानों का लगभग सभी चीनी मिलों पर बकाया बना रहता है, लिहाजा सरकार ने मिलों को बड़ी राहत देते हुए कर्ज चुकाने की आसान राह तैयार की। चीनी विकास कोष के माध्यम से बकाया राशि भुगतान करने के लिए आसान ऋण पुनर्गठन योजना के दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत 24 महीनों की मोहलत मिल मालिकों को दी जाएगी। 171 चीनी मिलों पर वित्तीय संस्थानों का लगभग 31 हजार करोड़ रुपये बकाया है। एस्मा ने स्वयं माना है कि वैश्विक स्तर पर चीनी की बढ़ती कीमतों के बीच भारतीय मिलों ने 43 लाख टन निर्यात का अनुबंध किया है। 30 सितंबर को समाप्त होने वाले वर्तमान चीनी वर्ष में भारतीय मिलों के पास निर्यात से मुनाफा कमाने के स्वर्ण अवसर है। विदेशी बाजारों में चीनी भेजने से स्थानीय भंडार पर दबाव कम होगा और घरेलू बाजार में भी चीनी के दाम सुधरेंगे। भारतीय चीनी की सर्वाधिक मांग इंडोनेशिया, दुबई, अफगानिस्तान, श्रीलंका और अफ्रीकी देशों में रहती है। इधर सरकार द्वारा एथेनॉल की 20 फीसदी खपत पेट्रोलियम पदार्थों में किए जाने पर चीनी उद्योग बम-बम है। यह योजना आगामी वर्ष के प्रारंभ से ही शुरू होने के संकेत हैं। वर्तमान में चीनी उद्योग एथेनॉल के 10 फीसदी के उद्देश्य को प्राप्त कर चुका है। प्रधानमंत्री विश्व जैव ईंधन दिवस पर घोषणा कर चुके हैं। सरकार ने इसके लिए लगभग 2,000 करोड़ रुपये का बजट का प्रावधान भी सुरक्षित कर दिया है। देश भर में 14 हजार करोड़ रुपये की लागत से बारह टू जी एथेनॉल संयंत्र लगेंगे, जिससे 3,000 करोड़ लीटर एथेनॉल का हर वर्ष उत्पादन संभव हो सकेगा। गनन्े की फसल नकदी कहलाती है, यानी बेचते ही पैसा हाथ में आ जाएगा। 'शुगर केन कंट्रोल ऑर्डर 1996', जिसे भार्गव फार्मूला कहा जाता है, के अनुसार गनन उत्पादक किसान जिस दिन गनन मिल के गेट पर पहुंचा देता है, उसके 14 दिन के अंदर भुगतान हो जाना चाहिए, इसके बाद लंबित भुगतान पर 15 फीसदी वार्षिक ब्याज लगाने का प्रावधान है। किसान नेता बीएम सिंह द्वारा इलाहाबाद कोर्ट में दाखिल एक याचिका पर लखनऊ हाई कोर्ट भुगतान की तारीख तय कर चुकी है, लेकिन सब बेनतीजा है। यहां आकर किसान लाचार हो जाता है। खेती को लाभकारी बनाए बगैर कोई विकल्प नहीं है। बजट सत्र में कृषिमंत्री ने स्वयं माना है कि किसान परिवार की मासिक आमदनी 6,426 रुपये मासिक है और मासिक खर्च 6,223 रुपये दर्ज किया गया है। डीजल, बिजली, खाद, मजदूरी, कीटनाशक दवाइयों के दामों में बेतहाशा वृद्धि होने से लागत मूल्य काफी बढ़ चुका है। सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी तय है लिहाजा न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी भी होनी चाहिए। मूल्य निर्धारण समिति (सीएपी) का पुनर्गठन कर किसान पृष्ठभूमि के विशेषज्ञों को उसमें शामिल करके नई शुरुआत की जा सकती है।

## इतिहास के सबक भविष्य की ठोकरें बन जाएंगे

### ऐतिहासिक समझ की गलत करवट की सजा, कितनों को भुगतनी होगी

कैंब्रिज के प्रोफेसर रिचर्ड इवान्स के एक व्याख्यान में कही गई बात याद आती है कि संचार के जिस युग में हम रह रहे हैं, खासतौर पर यूके में अलग-अलग संस्कृतियों से आए माता -पिता या दादा-दादी, नाना-नानी की संतानों को खास किस्म का राष्ट्रवादी इतिहास पढ़ाना संभव नहीं है, क्योंकि राष्ट्रवादी इतिहास के चयनित तथ्यों से आगे की जानकारियां भी उन्हें सहजता से मिल जाने वाली हैं। दिनकर की संस्कृति के चार अध्याय को हिंदी के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार मिलना अकादेमी इतिहास



की विरल घटना थी, जब गैर साहित्यिक या इतिहास की किताब को यह पुरस्कार दिया गया था। क्या इतिहास का एकल उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में योगदान है? ऐसे नायकों की कहानियां सुनाना जो प्रेरित कर सकें कि ऐसे जियो, ऐसे लड़ो, ऐसे बनो। क्या ऐसी कहानियों के सुंदर समुच्चय को सच्चा और अच्छा इतिहास कह दिया जाना चाहिए? चलो, मान भी लिया जाए कि यही सर्वोच्च, पवित्र मकसद है, तो जब बड़ी घटनाएं नक्शा बदल देंगी, तब इस पुराने लिखे पवित्र इतिहास का क्या करेंगे, कूड़ेदान में डालेंगे या खुद को ही इस अपराध के लिए दोषी ठहराकर चौराहे पर अपने हाथों से अपने गले मे फंदा डाल लेंगे हमारे घरों के बच्चे अक्सर इतिहास को एक उबाऊ विषय मानते हैं, उम्र में बड़े हो चुके लोगों को कहते सुना है कि घटनाएं और तारीखें याद करते-करते थक जाते थे हमः 'हिस्ट्री-ज्योग्रफी बड़ी बेवफा, रात को याद किया, सुबह हो गई सफा'। फिर अक्सर लोग अपने बीते जीवन को घटनावार, तिथिवार बताने लगते हैं, उन्हें नहीं पता होता कि वे इतिहास के जोन में आ चुके हैं, यह पर्सनल हिस्ट्री कहलाती है। पर कमाल यह है कि सियासतदान इसे एक जरूरी विषय मानते हैं। वे फिर किसको, और कैसे अपने मन का इतिहास पढ़ाना, सिखाना चाहते हैं। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में इतिहास के पूर्व प्रोफेसर बीएल भादानी हाल ही में एक दिन कह रहे थे-'यूक्रेन के इलाकों पर रूस का कब्जा हो जाने पर रूसी लोग यूक्रेन के इतिहास की पुस्तकों को जला रहे हैं। क्या यूक्रेन के लोग अपने इतिहास को भूल जाएंगे? शायद कभी नहीं। इसी प्रकार हमारे भारत में वैज्ञानिक आधार पर लिखे गए इतिहास को कोर्स से हटाकर नया इतिहास लिखा जा रहा है, क्या उपरोक्त दो बातों में साम्य नजर आता है?' उनकी बात से भी मुझे इतिहास लेखन की बुनियादी जरूरत और अहमियत का सवाल खड़ा होता दिखाई देता है। कौन-सा इतिहास हम नष्ट करना चाहते है, किसको बचाना, यही चयन पद्धति बहुत से सवालों का जवाब भी है, खुद में एक लाजवाब सवाल भी है। ऐतिहासिक समझ की गलत करवट की सजा कितने लोग भुगतते हैं, कई बार केवल कुछ लोग, कई बार लाखों... इतिहास लिखने के मकसद को लेकर याद करना जरूरी लगता है कि जब रामधारी सिंह 'दिनकर' इतिहास और संस्कृति विषयक लेखन कर रहे थे, कौन इनकार कर सकता है कि उनकी प्राथमिकता में नेहरूवियन भारत का सपना नहीं था? वह दृष्टि दिनकर जी के लेखन में आद्योपांत दिखाई देती है। उनकी किताब संस्कृति के चार अध्याय को हिंदी के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार मिलना अकादेमी इतिहास की विरल घटना थी, जब गैर साहित्यिक या इतिहास की किताब को यह पुरस्कार दिया गया था। कहने को कहा जा सकता है कि विज्ञान के आविष्कार विज्ञान के विकास, विषय के विस्तार के लिए होते हैं या मानव सभ्यता के हित के लिए? तो इतिहास की भी अहमियत केवल विषय के विकास पर कैसे मानी जानी चाहिए। पर दोनों मकसद साथ पूरे हो जाएं, ऐसे संयोग तो दुर्लभ होते होंगे। कभी या प्रायः दोनों मकसद आमने-सामने आकर खड़े हो जाते होंगे। यहीं चुनौती भी है, मुश्किल मार्ग भी है, सब इतिहास लिखने वाले इस चुनौती को कहां ठीक से निभा पाते होंगे। फिसलन होती ही होगी। कैंब्रिज के प्रोफेसर रिचर्ड इवान्स के एक व्याख्यान में कही गई बात याद आती है कि संचार के जिस युग में हम रह रहे हैं, खासतौर पर यूके में अलग-अलग संस्कृतियों से आए माता -पिता या दादा-दादी, नाना-नानी की संतानों को खास किस्म का राष्ट्रवादी इतिहास पढ़ाना संभव नहीं है, क्योंकि राष्ट्रवादी इतिहास के चयनित तथ्यों से आगे की जानकारियां भी उन्हें सहजता से मिल जाने वाली हैं। कुछ तो वजह होती होगी कि इतिहास पढ़े लोगों को इतिहास न पढ़े लोगों से ज्यादा चतुर होने का कभी सच्चा, कभी झूठा एक वहम होता है, क्योंकि वे लंबे समय में चीजों को देख पाते हैं, उन घटनाओं के आगे- पीछे का एक बोध, एक इंट्यूशन उनमें बनने लगता है। वे घटनाओं को लंबी समय रेखा के एक बिंदु के रूप में देखते हुए अपने समय से आगे या पीछे देख या प्रिडिक्ट कर पाते हैं, तो यह भी इतिहास की एक अहमियत या उपयोगिता ही है। इतिहास के मकसद के लिहाज से बताना ठीक लग रहा है कि इतिहास लिखने और कहानियां सुनाने में एक फर्क है कि इतिहास की किताब या घटना पढ़ते सुनने के अंत में आपको कथार्सिस वाला सुकून नहीं मिलता, कि अच्छे की जीत हुई, बुरे की हार... दुश्मन दोस्त बन गए या दो प्यार करने वाले लड़ते-झगड़ते, जूझते शादी तक पहुंच गए, इतिहास और कहानी को मिलाकर लिखने से ये मकसद पूरा होता है, पर तब इतिहास लहूलुहान होता है। क्या ये बड़ा और भयावह सच नहीं है कि इतिहास को हमने अक्सर ये हक दिया है कि वह तय करे कि हमारा दोस्त कौन है, दुश्मन कौन, कौन शुभचिंतक। वह दोस्त-दुश्मन- शुभचिंतक एक व्यक्ति भी हो सकता है, एक समूह भी, एक कौम भी, एक मुल्क भी, एक पूरी सभ्यता भी।

## संक्षिप्त समाचार

### आरोपियों के लैपटॉप-मोबाइल में छिपे हैं राज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** रिमांड पर लेकर पुलिस करेगी पूछ ताछ मानव तस्करी गिरोह के अन्य सदस्यों के चेहरों को बेनकाब करने के लिए विशेष जांच दल गठित कर दिया गया है। वहीं जीआरपी जेल भेजे गए अभियुक्तों को रिमांड पर लेने की तैयारी भी कर रही है। बच्चों की चोरी और अपहरण के बाद तस्करी कर मोटी रकम वसूलने वाले गिरोह पर मथुरा जीआरपी ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जेल भेजे गए अभियुक्तों को रिमांड पर लेकर पूछताछ भी होगी। इसके लिए जीआरपी तैयारी कर रही है। शक है कि इस गिरोह में कई लोग शामिल



हो सकते हैं। अभियुक्तों के मोबाइल, लैपटॉप व अन्य संपर्कों से जुड़े लोगों की सूची तैयार की गई है। मानव तस्करी गिरोह के अन्य सदस्यों के चेहरों को बेनकाब करने के लिए विशेष जांच दल गठित कर दिया गया है। माना जा रहा है कि इस गिरोह में 150 से अधिक लोग शामिल हो सकते हैं। यह सब वही लोग हैं, जो कि गिरोह में शामिल लोगों के साथ मिलकर काम करते थे। जीआरपी को इनकी जानकारी अभियुक्तों से पूछताछ के अलावा मोबाइल और लैपटॉप आदि से मिली है। कुछ ऐसे भी लोग हैं, जिनके अस्पतालों से संबंध हैं।

# हरतालिका तीज पर बन रहे हैं ये 2 दुर्लभ संयोग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** आज हरितालिका तीज देश भर में मनाई जा रही है। हरतालिका तीज व्रत के अवसर पर दिन सुहागिन महिलाएं भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना करती हैं। पूजन के लिए महिलाएं इन देवी-देवताओं की कच्ची मिट्टी से प्रतिमा बनाती है और इनकी विधि-विधान से पूजन करती हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इस बार तीज के दिन शुभ और सौम्य योग का निर्माण हो रहा है। हरतालिका तीज हर साल भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इस बार हस्त और चित्रा नक्षत्र में हरतालिका तीज व्रत आज रखा जा रहा है।



इस व्रत में भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा की जाएगी। महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखेंगी जबकि कुंवारी कन्याएं मनचाहा वर की प्राप्ति के लिए व्रत रखेंगी। बता दें कि इस व्रत को बहुत कठिन मन जाता है। हरतालिका तीज व्रत में जल का भी सेवन नहीं किया जाता है। साथ ही व्रत में किसी प्रकार का अनन्न भी ग्रहण नहीं किया जाता है। व्रत के अगले दिन महिलाएं व्रत का पारण करती हैं। बन रहे दो दुर्लभ संयोगः ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, हरतालिका तीज व्रत पर दुर्लभ संयोग हस्त और चित्रा नक्षत्र के कारण बन रहा है। इसके साथ ही सौम्य योग में भगवान शिव और मां पर्वती की पूजा की जाएगी। हरतालिका तीज के दिन पूजन के लिए सबसे शुभ मुहूर्त शाम 5 बजकर 20 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 59 मिनट तक है। इन दौरान शुभ योग का खास संयोग रहेगा। इस शुभ मुहूर्त में पूजन करना अच्छा रहेगा। ज्योतिष में शुभ योग का खास महत्व है। इस योग में किए गए शुभ कार्य का परिणाम भी शुभ होता है। ऐसे करें पूजाः डॉ भूपेंद्र मिश्र ज्योतिषाचार्य ने बताया कि हरतालिका तीज के पूजन सामग्री में शिव, पार्वती और श्रीगणेशजी की मिट्टी की मूर्ति, पीला वस्त्र, दही, शहद, दूध, धतूरा, शमी के पत्ते, केले का पत्ता, जनेऊ, सुपारी, रोली, कलश, बेलपत्र, दूर्वा, अक्षत, घी, कपूर, गंगाजल, फुलहारा और 16 श्रृंगार का सामान मुख्य होता है। इस दिन व्रत करने वाली महिलाएं सूर्योदय से पूर्व ही उठ कर, नहा कर पूरा श्रृंगार करती हैं। पूजन के लिए केले के पत्तों से मंडप बनाकर गौरी-शंकर की प्रतिमा मिट्टी की स्थापित की जाती है। इसके साथ पार्वती जी को सुहाग का सारा सामान चढ़ाया जाता है। रात में भजन, कीर्तन करते हुए जागरण कर तीन बार आरती की जाती है और शिव पार्वती विवाह की कथा सुनी जाती है। इस दिन 'ॐ पार्वतीपतये नमः मंत्र का अधिक से अधिक जाप करना चाहिये। सुहागिन भूल से भी न करें ये कामः 1-हरतालिका तीज का व्रत रखने वाली महिलाओं को दिन में नींद लेने से बचना चाहिए। यहां तक कि रात को सोने की बजाए भगवान शिव की आराधना करनी चाहिए। 2- हरतालिका तीज का व्रत निर्जला रखा जाता है। यानी इस दिन महिलाएं जल की एक बूंद भी गले के नीचे नहीं उतारती हैं। 3- घर में कोई भी मांस,मंदिर या किसी भी प्रकार के तामसिक भोजन का सेवन न करे। 4- हरतालिका तीज व्रत का एक बार संकल्प लेने के बाद इसे प्रत्येक वर्ष रखना जरूरी है। इसे जीवन भर त्याग नहीं सकते। 5- हरतालिका तीज का व्रत रखने वाली महिलाओं को क्रोध या गुस्सा करने से बचना चाहिए और कोई अपशब्द नहीं कहना चाहिए।

# समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर से गौरव चाचरा शामिल किए गए सपा मीडिया टीवी पैनलिस्ट में

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर के निवर्तमान उपाध्यक्ष गौरव चाचरा, समाजवादी पार्टी के द्वारा घोषित किए गए पूरे देश में 53 मीडिया टीवी पैनलिस्ट में, गौतम बुध नगर से चार लोग शामिल किए गए जिसमें नोएडा महानगर से गौरव चाचरा शामिल किए गए, इसके लिए उन्होंने महानगर अध्यक्ष दीपक विग का माला पहनाकर धन्यवाद दिया, नोएडा महानगर के पदाधिकारियों ने गौरव चाचरा का अभिनंदन व स्वागत किया, इस अभिनंदन समारोह में उपस्थित मुख्य लोगों में, दीपक विग ,विपिन अग्रवाल, शकील सैफी गौरव चाचरा, दिनेश यादव, गौरव कुमार यादव, हरमीत मल्होत्रा मुख्य रूप से शामिल रहे।




# सेक्टर 82 पाकेट 7 शिव मंदिर पर हरितालिका तीज मनाई गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 82 पाकेट 7 शिव मंदिर पर आज हरितालिका तीज



महिलाओं द्वारा बडे धूमधाम से मनाई गई। शिव मंदिर के पुजारी पं विनोद मिश्रा जी ने सभी महिलाओं को तीज की कथा सुनाई एवं पूजन कराया। और महिलाओं ने सामूहिक रूप से हरितालिका तीज पर मंदिर प्रांगण में रुद्राभिषेक किया। सभी महिलाएं अपने सुहाग के लिए मंगल कामना की। तत्पश्चात आरती किया और मंदिर पर ही सभी महिलाएं रात्रि जागरण भी किया। इस मौके पर श्रीमती विभा शुक्ला, पुष्पा दास,रीता मिश्रा, मंजू गुप्ता, कंचन तिवारी, श्वेता शुक्ला, वंदना पाठक, शीतल सिंह, भावना पाण्डेय, गीता शर्मा, रेनू भगत, विनीता रानी,मुस्कान गुप्ता, आर्या तिवारी, भूमि गुप्ता, कनक,काव्या आदि भक्त गण मौजूद रहे।

# सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिल दीपक विग शिष्टाचार भेंट की व दी सदस्यता अभियान की जानकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सपा नोएडा महानगर के निवर्तमान महानगर अध्यक्ष ने अपनी टीम के साथ, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष माननीय



अखिलेश यादव जी के आवास पर मिलकर शिष्टाचार भेंट की उन्हें पुष्प गुच्छ व साइकिल भेंट की व पदाधिकारीयों का परिचय करवाया नोएडा महानगर में चल रहे सपा के सदस्यता अभियान की प्रगति रिपोर्ट दी और दीपक विग ने उनसे यह वादा भी किया कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन पिछले विधानसभा से अच्छा होगा समाजवादी पार्टी में दीपक विग के साथ उनसे मिलने वाले लोगों में, विपिन अग्रवाल ,शकील सैफी, गौरव चाचरा, दिनेश यादव, गौरव कुमार यादव, सुनीता शारदा,हरमीत सिंह मल्होत्रा मुख्य रूप से मौजूद रहे।


# करेंट की चपेट में आने से 22 वर्षीय क्षात्र की ही हुई दर्दनाक मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** -उंचेहरा थाना अंतर्गत कुंदहरी कला में 22 वर्षीय क्षात्र की करेंट लगने से हुई मौत वहीँ म्रतक का नाम अंकुश चौधरी पिता रामकरण चौधरी उम्र 22 साल बताई जा रही है। म्रतक सेकेंडियर क्लास में एके एस यूनिवर्सिटी सतना में अध्ययनरत था म्रतक रोज की तरह सोमवार को घर से कॉलेज गया था। कॉलेज की छूट्टी होते ही अपने घर आया और टीवी चालू करने लगा टीवी चालू करते समय अचानक करेंट उतर आया और म्रतक करेंट की चपेट में आ गया। यह नजारा देखते ही घर मे कोहराम मच गया। परिवारजनों की मदद से आनन फानन निजी वाहन की मदद से उंचेहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ डॉक्टर ने नब्ज टटोलते ही म्रत घोषित कर दिया। वहीँ पुलिस म्रतक का पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों को सौप दिया है।



# मैहर नगर पालिका की नाकामी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** इन दिनों पूरा जिला गंभीर बीमारी की चपेट में है उल्टी दस्त की समस्या लोगो के बीच बढ़ रही है मैहर बल्लभ नगर के पीछे नदी में कल से एक सुअर मरा डला है जो सड़ रहा है और उसकी दुर्गंध से लोगो का सांस लेना दुश्वार है जिला प्रशासन द्वारा सतर्कता बरतने के सख्त निर्देश दिए गए है उसके बाद भी मैहर प्रशासन द्वारा इन समस्यो से निपटने की कोई तैयारी नही है लोगो की लाख सूचना के बाद भी नदी में फसे सुअर को निकाल अन्य जगह व्यवस्थित करने का कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है जिससे आस पास के इलाको में हैजा स्वाइन फ्लू जैसी गंभीर खतरनाक बीमारी फैलने की संभावना है।



# खराब विद्युत मीटरों को तत्काल बदल कर मीटर रीडिंग के आधार पर बिल जारी करें

## ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने दिये निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शहडोल।** 30 अगस्त 2022 - ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि खराब विद्युत मीटरों को तत्काल बदल कर मीटर रीडिंग के आधार बिल जारी किये जायें। उन्होंने कहा है कि विगत दो माह में अतिरिक्त आकलित खपत के ऐसे देयक जिनमें घरेलू उपभोक्ता द्वारा आपत्ति की गई है, का नियमानुसार एवं आवास के भौतिक निरीक्षण के बाद बिल को संशोधित किया जाये। साथ ही जब तक इसका निराकरण नहीं होता तब तक ऐसे विद्युत कनेक्शन काटे नहीं जायें। श्री तोमर ने कहा है कि अगर मीटर बदलना संभव नहीं हो तो आकलित खपत के देयर को जारी करने के पहले निहित प्रावधानों के अतिरिक्त संबंधित उपभोक्ता के आवास का भौतिक निरीक्षण भी अनिवार्य रूप से किया जाए। जिससे बिजली बिल के भुगतान में कोई विवाद नहीं हो। उन्होंने कहा है कि ऐसी शिकायतें मिली हैं कि कई उपभोक्ताओं के विद्युत देयक आकलित खपत के आधार पर बढ़ा दिये गये हैं। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने यह निर्देश भी दिए हैं कि 10 किलोवाट के गैर घरेलू उपभोक्ताओं के संयोजन पर मीटर में अधिकतम मांग, संविदा मांग से अधिक पाये जाने पर उपभोक्ता को नोटिस देकर नियमानुसार एवं संबंधित उपभोक्ताओं को सुनवाई का अवसर देने के बाद पेनल बिलिंग एवं भार वृद्धि की कार्यवाही की जाये।

# टिकट विंडो पर जेब काटते रंगेहाथ पकड़ा जेबकतरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** पर्यटकों ने कर दी धुनाईताजमहल के टिकट पर विंडो पर जेबकतरे भी सक्रिय हो गए हैं। मंगलवार को एक जेबकतरा रंगेहाथ पकड़ लिया गया। उसने एक पर्यटक की जेब काट ली, उसमें पर्स निकल रहा था। पर्यटकों ने आरोपी की पिटाई कर दी।

# जानवरों के साथ क्रूरता पूर्वक मारपीट

## उफनती नदी के पानी में कूदाने वाले आरोपियों के विरुद्ध धारा 151 सी आर पी सी के तहत कार्यवाही कर भेजा गया जेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।**श्रीमान आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक महोदय सतना के कुशल निर्देशन एवं श्री एस.के. जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सतना, उप पुलिस अधीक्षक महोदय सतना के मार्गदर्शन एवं थाना ताला प्रभारी के नेतृत्व मैं मवेशियों के साथ क्रूरता पूर्वक मारपीट कर उफनती नदी के पानी में कुदाने वाले 04 आरोपियों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही




**घटना विवरण**
- दिनांक 29/08/2022 को थाना ताला अंतर्गत ग्राम विधुई खुर्द एवं घुइसा लोगों द्वारा मवेशियों के साथ क्रूरता पूर्वक मारपीट कर उफनती नदी के पानी में कुदाने पर से थाना ताला में अपराध क्रमांक 212 / 22 धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम कायम किया गया था घटना की वीडियो आम जनता के बीच आने से लोगों में काफी आक्रोश था जो शांति भंग होने की पूर्णता संभावना पर दिनांक 29.8.22 को 01 आरोपी के विरुद्ध धारा 151 सीआरपीसी के तहत एवं दिनांक 30.8.22 को 04 आरोपियों को धारा 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर तहसील न्यायालय अमरपाटन पेश किया गया चारों आरोपियों का न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी करने से सभी चारों आरोपियों को उप जेल मैहर दाखिल किया गया । **नाम पता गिरफ्तार आरोपीः-** (1) सुनील पांडे पिता रामकृपाल पांडे उम्र 40 वर्ष निवासी घुइसा (2) रामदयाल मिश्रा पिता स्वर्गीय महेश प्रसाद मिश्रा उम्र 55 वर्ष निवासी घुइसा (3) भूषण पांडे उर्फ लल्लू पिता राम लोचन पांडे उम्र 40 वर्ष निवासी घुइसा (4) महेंद्र कुमार पटेल उर्फ लाल भाई पिता स्वर्गीय रामकरण पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी विधुई खुर्द थाना ताला **सराहनीय भूमिका** थाना प्रभारी ताला निरी. एच एल मिश्रा, उनि. आर.एन. रावत, स उ नि धर्मेंद्र तिवारी , स उ नि अश्विनी मिश्रा , प्र आर 530 चन्दन शुक्ला ,आर. 338 जयप्रकाश , आर1022 राकेश पटेल की रही ।

# गोकशी के शक पर हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आगरा।** हाईवे पर लगाया जामअछनेरा क्षेत्र में मंगलवार को गोकशी की सूचना पर हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। उन्होंने आगरा-जयपुर हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर खुलवाया। आगरा के थाना अछनेरा क्षेत्र के डावली लिंक मार्ग पर मंगलवार को गोकशी की सूचना पर हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता पहुंच गए। उन्होंने हंगामा कर दिया। काफी देर बाद भी पुलिस के अधिकारियों के नहीं आने पर गुस्साए कार्यकर्ता आगरा-जयपुर हाईवे पर पहुंच गए। हाईवे पर जाम लगा दिया। सीओ अछनेरा ने कार्रवाई का आश्वासन देकर कार्यकर्ताओं को शांत किया। राजस्थान के जिला अजमेर के गांव सूपा निवासी गोपी व पांडू पिछले कई दिनों से अपने परिवार के साथ 65 गायों को लेकर थाना अछनेरा के गांव महुअर निवासी मुरारी के खेत में तंबू लगाकर रह रहा है। मंगलवार शाम चार बजे अखिल भारत हिंदू महासभा के आचार्य धर्मानंद, संजय जाट, अवतार गिल, विपिन राठौर, सपना कुशवाह, जिला संयोजक बजरंग दल आरके इंदौलिया, भूदेव शर्मा गोकशी के शक पर वहां पहुंच गए। हाईवे पर लगाया जाम उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद चौकी इंचार्ज मिढ़ाकुर मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन काफी देर इंतजार करने के बाद भी पुलिस अधिकारी मौके पर नहीं आए। इस पर गुस्साए हिंदूवादी नेता कार्यकर्ताओं के साथ आगरा-जयपुर हाईवे पर पहुंच गए। उन्होंने हाईवे पर जाम लगा दिया। रात आठ बजे सीओ अछनेरा राजीव सिरोही, एसओ अछनेरा अनुराग शर्मा, एसओ फतेहपुर सीकरी बलवान सिंह, एसओ मलपुरा तेजवीर सिंह फोर्स के साथ पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने सीओ के आने के बाद जाम खोल दिया। सीओ ने गोपालक गोपी से पूछताछ की। उसने बताया कि वह गायों को चराने के लिए खेतों में रह रहा है। हिंदूवादी नेता संजय जाट ने सीओ से कहा कि हमें शक है कि यह गोकश है। संजय जाट ने सभी गायों को गोशाला भेजने और गायों के साथ रह रहे लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की। हिंदूवादी नेताओं ने आरोप लगाया कि जानकारी मिली है कि 22 अगस्त को निर्माणाधीन लेदर पार्क पर एक कैंटर में गाय भरकर गोकशी के लिए गई हैं। सीओ राजीव सिरोही ने बताया कि सभी गायों को गांव डावली में स्थित गोशाला में भेज दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की छानबीन कर रही है। अभी मामले में तहरीर नहीं आई है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



# बातों-बातों में की लड़की से दोस्ती फिर ले गया परिचित के घर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आगरा।** शराब पिलाकर लूट ली अस्मत आगरा में एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक ने उसे नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद उसे परिचित के घर ले गया, जहां युवती के साथ दुष्कर्म किया। आगरा में एक युवती से गलत नंबर लगने पर युवक ने दोस्ती कर ली। उसने नौकरी का झांसा दिया। सोमवार को मुलाकात के बहाने बुलाकर परिचित के घर ले गया। दोस्तों से शराब मंगाई। युवक ने युवती को जबरन शराब पिलाने के बाद दुष्कर्म किया। पीडि़ता ने पुलिस से शिकायत की। मामले में थाना एत्माद्दौला में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ क रही है। युवती थाना एत्माद्दौला क्षेत्र की रहने वाली है। उसने पुलिस को बताया कि एक महीने पहले एक नंबर से कॉल आया। मगर, युवक ने गलत नंबर होने पर कॉल काट दिया। बाद में युवक कॉल कर उससे बात करने लगा। बातों में फंसाकर उससे दोस्ती कर ली। अपना नाम सोनू बताया। युवती को नौकरी की जरूरत थी। उसने सोनू से नौकरी को लेकर बात की। रामबाग पर बुलाया था युवती को सोमवार को सोनू ने उसे रामबाग पर बुलाया। वह अपने दोस्तों के साथ आया। युवती को बाइक पर बैठाकर चंदन नगर मोहल्ले में ले गया। यहां पर सोनू के परिचित का घर था। दोस्त दोनों को छोड़कर चले गए। कुछ देर बाद सोनू का दोस्त दीपू आया। वह शराब देकर चला गया। आरोप है कि सोनू ने युवती को जबरन शराब पिला दी। इसके बाद दुष्कर्म किया। उसको रामबाग पर छोड़कर चले गए। ट्रैक्टर चालक है आरोपी युवक थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि युवती 30 साल तो युवक 22 साल का है। युवती पति से अलग रह रही है। युवती ने युवक पर शराब पिलाकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सोनू के साथ उसके दोस्त भी आरोपी बनाए गए हैं। आरोपी युवक ट्रैक्टर चलाता है। उसकी शादी भी तय हो चुकी है। साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। आरोपी को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है।




# सोशल साइट्स पर होगा जनकपुरी का लाइव प्रसारण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आगरा।** पांच युवा संभालेंगे इसकी जिम्मेदारीजनकपुरी महोत्सव का सोशल साइट्स पर लाइव टेलीकास्ट होगा। इसके लिए आईटी सेल का शुभारंभ हो गया है। आईटी सेल की टीम में 12वीं और बीएससी के पांच विद्यार्थी शामिल हैं। आगरा के 20 साल के पांच युवा दुनियाभर में प्रभु श्रीराम की ध्वजा फहराएंगे। दो बीटेक और एक प्रबंधन के छात्र फेसबुक, यू ट्यूब और इंस्टाग्राम पर जनकपुरी का लाइव टेलीकास्ट की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके लिए आईटी सेल की टीम में 12वीं कक्षा में पढ़ रहे वीडियो एडीटर और एक बीएससी के विद्यार्थी को शामिल किया गया है। जनकपुरी की आईटी सेल का शुभारंभ जनकपुरी महोत्सव कमेटी के 100 फुटा मार्ग, दयालबाग स्थित कार्यालय पर मंगलवार को जनकपुरी महोत्सव की आईटी सेल का शुभारंभ हुआ। आईटी हेड वैभव कक्कड़ ने बताया कि 21, 22, 23 और 24 सितंबर को चार दिवसीय जनकपुरी महोत्सव का सीधा प्रसारण विभिनन्न माध्यमों से किया जाएगा। इस दौरान जनकपुरी महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद गर्ग, संयोजक भरत शर्मा,



महामंत्री मनोज अग्रवाल, राजीव जैसवाल, रामचरण शर्मा, दिनेश नौहवार, सौदान सिंह, अनूप अग्रवाल, विजय मोहन गुप्ता, अश्वनी शर्मा, तिलकधारी शर्मा, चौधरी, उदयवीर सिंह, विनोद कुमार गर्ग, शिशिर चौधरी आदि मौजूद रहे। जनकपुरी महोत्सव के आईटी सेल के हेड विभव कक्कड़ का कहना है कि आईटी सेल में काम करने वाले युवाओं को एक नया अनुभव मिलेगा। उन्हें काफी कुछ नया सीखने को मिलेगा। आईटी सेल ने कम से कम दुनियाभर के दो करोड़ लोगों तक जनकपुरी का लाइव दिखाने का लक्ष्य रखा है। नई पहचान मिलेगी बीटेक कर रहे 20 साल के तुषार दियानी के करियर का यह तीसरा बड़ा प्रोजेक्ट है। उनका कहना है कि मेरे लिए यह प्लेटफॉर्म इसलिए खास है, क्योंकि यहां से मेरे काम को एक नई पहचान मिलेगी। काम रोमांचकारी रहेगा 19 साल के रोनित गुप्ता के हाथ में प्रसारण की गुणवत्ता को संभालने की जिम्मेदारी होगी। बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र रोनित का कहना है कि एक हफ्ते तक लगातार 24 घंटे काम करना रोमांचकारी रहेगा। नया सीखने को मिलेगा वीडियो एडिटिंग की जिम्मेदारी संभालने वाले आईटी सेल के 12वीं कक्षा के छात्र कुनाल शर्मा पहली बार इतने बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बन रहे हैं।

# विक्रम की 'कोबरा' पहले दिन ही मचा सकती है धमाल, एडवांस बुंकिग में कमाए इतने करोड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** तमिल सुपरस्टार चियान विक्रम की फिल्म 'कोबरा' जल्द ही सिनेमाघरों में जल्द ही दस्तक देने वाली है। इस फिल्म का लोगों को लंबे समय से इंतजार है। फिल्म को 31 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा। यही वजह है कि विक्रम इस फिल्म का जोरशोर से प्रचार कर रहे हैं। इस फिल्म को रिलीज होने में एक दिन बाकी है लेकिन इसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के रुझान आने शुरू हो गए हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म पहले दिन अच्छी कमाई कर सकती है। फिल्म की एडवांस बुकिंग काफी अच्छी रही है जिसका फायदा ओपनिंग डे पर नजर आ सकता है। अब तक के प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक इस फिल्म ने एडवांस बुकिंग में ही 2.84 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। इसकी सबसे ज्यादा बुकिंग तमिल भाषा में दर्ज की गई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक फिल्म के अब तक 151013 बिके हैं जिससे 2.58 करोड़ का कलेक्शन हुआ है। वहीं, तेलुगू भाषा में इस फिल्म 17248 टिकट की बिक्री हो चुकी है जिससे 26 लाख का बिजनेस हुआ है। वहीं इसके पहले दिन के कलेक्शन की बात की जाए तो तामिलनाडु में कोबरा 15 करोड़ की ओपनिंग कर सकती है। गौरतलब है कि कोबरा फिल्म में विक्रम एक बार फिर दमदार भूमिका में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। ट्रेलर में विक्रम का अलग ही अंदाज देखने को मिला था। जानकारी के मुताबिक इस फिल्म में विक्रम को 25 अलग-अलग रूप में नजर आने वाले हैं। फिल्म में उनके अलावा श्रीनिधि शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म से पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। इसके अलावा, मिया जॉर्ज, रोशन मैथ्यू, सरजानो खालिद, पद्मप्रिया, मोहम्मद अली बेग, कनिहा, मिरनालिनी रवि, मीनाक्षी और के.एस. रविकुमार भी फिल्म में सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे।




# कार्तिकेय 2 का जलवा बरकरार, हिंदी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली साउथ फिल्मों की लिस्ट में शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** तेलुगू ब्लॉकबस्टर 'कार्तिकेय 2' हर दिन बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड बनाती नजर आ रही है। यह फिल्म अभी भी दर्शकों की पहली पसंद बनी हुई जिसकी वजह से इसके 100 करोड़ क्लब में पहुंचने की संभावना काफी ज्यादा बढ़ गई है। ताबड़तोड़ कमाई के बीच अब इस फिल्म के साथ एक और उपलब्धि जुड़ गई है। दरअसल, डब किए गए हिंदी संस्करण में, निखिल सिद्धार्थ-स्टारर फिल्म अब तक की 10वीं सबसे बड़ी दक्षिण भारतीय ग्रॉसर बन गई है। चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित, इस रहस्यमय एक्शन एडवेंचर फिल्म ने तीसरे वीकएंड में भी अपनी जबरदस्त पकड़ बनाए रखी है और हिंदी वर्जन में 4.42 करोड़ का कलेक्शन कर डाला है। इसी के साथ फिल्म ने अब हिंदी में कुल 23.71 करोड़ का बिजनेस कर लिया है। जिससे यह फिल्म 10वीं सबसे बड़ी दक्षिण भारतीय फिल्म बन गई है। अपने दमदार कंटेंट की वजह से 'कार्तिकेय 2' ने आर माधवन की ठरॉकेट्रीः द नांबी इफेक्टठ को पीछे छोड़ दिया जो एक हिंदी-तमिल द्विभाषी फिल्म थी। बता दें कि इस लिस्ट में पहले नंबर पर एसएस राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बाहुबली 2' है जिसने बॉक्स ऑफिस पर 510 करोड़ की कमाई की थी। वहीं दूसरे नंबर पर यश स्टारर केजीएफ चैप्टर 2 है। जिसने 436 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। वहीं तीसरे नंबर पर आरआरआर है जिसने 270 का बिजनेस किया था। गौरतलब है कि अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स एंड पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित 'कार्तिकेय 2' अगले कुछ दिनों में वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी। 16 दिनों के बाद इसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 83 करोड़ सहित दुनिया भर में 95 करोड़ की कमाई की है। हिंदी में, फिल्म का लाइफटाइम कलेक्शन लगभग 35 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। यह 2014 की फिल्म कार्तिकेय की सीक्वल है जिसमें निखिल सिद्धार्थ के अलावा अनुपमा परमेश्वरन, अनुपम खेर, श्रीनिवास रेड्डी, आदित्य मेनन, सत्या और तुलसी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



# अक्षरा सिंह देश से बाहर सेलिब्रेट करेंगी अपना बर्थडे, वीडियो शेयर कर कहा फैंस को शुक्रिया


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह आज अपना 29वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही हैं। आज अपने जन्मदिन के मौके पर भी उन्होंने वीडियो साझा कर फैंस का शुक्रिया कहा है। इस जगह अपना जन्मदिन सेलिब्रेट एक्ट्रेस अक्षरा सिंह इस बार दुबई में जाकर अपना जन्मदिन सेलिब्रेट करेंगी।अक्षरा सिंह के अपना वीडियो साझा करते हुए



हालांकि इस बार वह अपना जन्मदिन देश से बाहर मनाने की तैयारी कर चुकी हैं और इसके लिए वह फ्लाइट से अपने बर्थडे ट्रिप के लिए रवाना भी हो चुकी हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान रखने वाली अभिनेत्री अक्षरा सिंह आज यानी 30 अगस्त को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट करती हैं। एक्ट्रेस इस बार अपना 29वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही हैं। अक्षरा सिंह को उनके शानदार अभिनय और गायकी के लिए तो जाना ही जाता है, इसके अलावा सोशल मीडिया पर वह काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर वीडियोज व तस्वीरों के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहती करेंगी अक्षरा सिंह एक्ट्रेस अक्षरा सिंह इस बार अपना जन्मदिन देश में नहीं मनाएंगी, उन्होंने जो लेटेस्ट वीडियो साझा किया है, उसमें वह फ्लाइट में नजर आ रही हैं और साथ ही खुद को बर्थडे विश भी करती हुई भी नजर आ रही हैं। इसके अलावा वह यह कहती भी दिखाई दे रही हैं कि जब तक भारत में 12 बजेंगे और आप सब मुझे कॉल और मैसेज करेंगे तब तक...हालांकि वह यहां रुक जाती हैं...कहती हैं कि आज वह अपना जन्मदिन फ्लाइट में ही मनाएंगी। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने सभी को जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया भी कहा। जानकारी के मुताबिक, कैप्शन में लिखा- मुझे जिंदगी के एक और साल हैप्पी बर्थडे टू मी के लिए थैंक यू भगवान। अक्षरा के वीडियो पर फैंस जमकर प्यार बरसाते नजर आ रहे हैं और प्रशंसकों ने कमेंट बॉक्स में एक्ट्रेस के लिए जन्मदिन की शुभकामनाओं की झड़ी लगा दी है। एक प्रशंसक ने लिखा- 'आप जियो हजारो साल ये हा मेरी कामना, हैप्पी बर्थडे मेरी सबसे फेवरेट मैडम जी और आपको दुनिया की सारी खुशी मिले यही मेरी दुआ है।' हैप्पी बर्थडे आप हमेशा मुस्कुराते रहो। इसी तरह से बाकी यूजर्स भी जन्मदिन की शुभकामनाएं देते नजर आ रहे हैं।

# मंडे टेस्ट में भी फेल हुई लाइगर, घटती कमाई के साथ पांचवें दिन किया महज इतना कलेक्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 25 अगस्त को रिलीज हुई फिल्म 'लाइगर' से साउथ अभिनेता विजय देवरकोंडा ने हिंदी सिनेमा में अपनी शुरुआत की है। विजय देवरकोंडा को बॉलीवुड डेब्यू की की वजह से इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं। मेकर्स की इस मेगा बजट फिल्म 'लाइगर' से विजय देवरकोंडा का पैन इंडिया स्टार बनने की राह में भी पहला कदम था,, हालांकि उम्मीद के मुताबिक यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल करती नहीं दिख रही। विजय और अनन्या दोनों ने ही अपनी इस फिल्म का जमकर प्रमोशन किया था। हालांकि बाद में इसका भी बॉयकॉट शुरू कर दिया गया और रिलीज के पहले दिन के बाद से ही फिल्म ने उम्मीद के कम कमाई की है और साथ ही लगातार 'लाइगर' की कमाई में दिन प्रतिदिन गिरावट दर्ज की जा रही है। फिल्म का पांचवें दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है। पैन इंडिया लेवल फिल्म लाइगर को पांच भाषाओं को देश भर के तकरीबन 2,500 स्क्रीन पर रिलीज किया गया है। इसके बावजूद यह फिल्म कमाई के मामले अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है। फिल्म लाइगर ने जिस तरह से 16 करोड़ की शानदार ओपनिंग की थी, उसे देखकर उम्मीद की जा रही थी कि फिल्म अच्छी कमाई करेगी, लेकिन फिल्म देखने के बाद दर्शकों की खराब प्रतिक्रिया का असर फिल्म की कमाई पर पड़ता दिखाई दे रहा है। फिल्म लाइगर ने पहले दिन 16 करोड़ की कमाई की लेकिन दूसरे ही दिन फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई और इसने सिर्फ 7.70 करोड़ का कलेक्शन किया जो आधे से भी कम रहा। इसके बाद वीकएंड पर शनिवार और रविवार को भी लाइगर दर्शकों को आकर्षित नहीं कर पाई, जहां तीसरे दिन फिल्म 6.95 करोड़ पर आकर ठहर गई तो वहीं रविवार को लाइगर की इससे भी कम हुई और बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने चौथे दिन सिर्फ पांच से छह करोड़ के बीच कलेक्शन किया। फिलहाल शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक सोमवार को इसका कलेक्शन और भी कम हो गया है और फिल्म ने पांचवें दिन तकरीबन सिर्फ 2.50 करोड़ की कमाई की है। इस हिसाब से अब तक ने फिल्म अब तक सिर्फ 38.6 करोड़ तक का कारोबार किया है। जो स्वाभाविक रूप से निर्माताओं के लिए निराशाजनक है। पुरी जगननथ के निर्देशन में बनी 'लाइगर' को तकरीबन 125 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। इसके हिसाब से अगर कलेक्शन देखा जाए तो बजट निकलना भी मुश्किल होता दिख रहा है। फिल्म में विजय देवरकोंडा ने एक बॉक्सर की भूमिका निभाई है। वहीं अनन्या पांडे संग अभिनेता की बनी है जबकि बाहुबली में शिवगामी देवी के दमदार किरदार में अपनी अलग छाप छोड़ने वाली दिग्गज अभिनेत्री राम्या कृष्णन विजय की मां की भूमिका में हैं।



# अभिनेता आमिर अली ने पहली बार बयां किया तलाक का दर्द बोले- 'बेटी से नहीं मिल पा रहा'


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मॉडल और टीवी अभिनेता आमिर अली व एक्ट्रेस संजीदा शेख टीवी इंडस्ट्री के इतने दिनों बाद आमिर अली ने एक इंटरव्यू में इस बारे में अपने तलाक के बारे में खुलकर बात की है। दरअसल, एक रिपोर्ट के मुताबिक विश्वास रखते हैं लेकिन फिलहाल इस समय अपने सिंगल हुड को एंजॉय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कहीं न कहीं कोई ने कोई आपके



पॉपुलर कपल माने जाते थे लेकिन में उनके तलाक की खबर ने हर किस को हैरान कर दिया था। कपल ने साल 2012 में शादी रचाई थी और 2020 में ही एक प्यारी से बेटी के माता-पिता भी बने, जिसका नाम उन्होंने आयरा रखा। शादी के वर्षों बाद जब दोनों के बीच अलगाव की जानकारी सामने आयी तो फैंस का दिल टूट गया था। फिलहाल तक के बाद भी दोनों ने कभी भी एक दूसरे के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की है लेकिन अब आमिर अली ने अपने एक इंटरव्यू में बात करते हुए कहा कि वह अपनी बेटी से नहीं मिल पा रहे हैं। यह पहली बार है कि जब अभिनेता ने तलाक के बाद अपने रिश्ते पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि हमने जिंदगी के बहुत खूबसूरत पलों को साथ बिताया है, इसलिए नहीं चाहते हैं कि इसे पब्लिकली बयान देकर बदनाम करें। आमिर और संजीदा के रिश्ते में दरार आने की वजह पूछे जाने पर अभिनेता ने कहा कि वह आज भी शादी में लिए बना है और एक बुरे एक्सपीरियंस की वजह से किसी से नफरत नहीं करनी चाहिए। रिश्ता कितना भी मजबूत क्यों न हो कहीं न कहीं अंत लिखा ही होता है। आमिर अली ने आगे बात करते हुए कहा- संजीदा और मैंने अपना इज्जत के साथ तलाक लिया, मैं उम्मीद करता हूं कि मेरी एक्स (संजीदा शेख) एक अच्छा जीवन साथी मिली और वह अपनी जिंदगी में खुश रहे।

# गुरु रंधावा ने स्टेज शो-पाटिर्यों से की थी गाने की शुरुआत, इस सॉन्ग से बने रातों रात स्टार


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बेहतरीन पार्टी सॉन्गस और अपने गुड लुक्स के लिए मशहूर गायक गुरु रंधावा 30 अगस्त को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट करते हैं। पंजाबी से लेकर बॉलीवुड इंडस्ट्री तक में अपनी अलग पहचान बना चुके गुरु रंधावा का हर एक गाना खूब सुखियां बटोरता है। हालांकि अपने करियर की शुरुआत में गुरु रंधावा के हाथ असफलता लगी थी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और आगे बढ़ते चले गए। अब तक वह कई हिट गाने दे चुके गुरु हैं। गुरु रंधावा के जन्मदिन पर जानते हैं उनकी जिंदगी और करियर से जुड़ी कुछ खास और दिलचस्प बातें। 30 अगस्त 1991 में पंजाब के गुरदासपुर जिले में जन्में गुरु रंधावा का पूरा नाम गुरुशरणजोत सिंह रंधावा है। उन्होंने दिल्ली से एमबीए की पढ़ाई पूरी की है। गुरु रंधावा ने बतौर स्टेज शोज और पार्टियों में भी गाने से शुरुआत की थी। हालांकि सही मायने में उन्होंने साल 2012 में करियर की नींव रखी जब उनका पहला गाना 'सेम गर्ल' लॉन्च हुआ, हालांकि यह गाना हिट नहीं रहा, लेकिन पहली असफलता के बावजूद




गुरु रंधावा ने हिम्मत नहीं हारी। साल 2013 में गुरु रंधावा ने अपना दूसरा गाना लेकर आए। उन्होंने खुद की एलबम लांच करने का फैसला किया और इस पहली एलबम का नाम 'पैग वन' था। इसके बाद गुरु रंधावा ने खुद के कई गाने रिलीज किए लेकिन ये इतने हिट नहीं हुए, जो उन्हें करियर के शिखर तक ले जा सकते। बताया जाता है कि इस एल्बम को लांच करवाने में गुरु रंधावा के भाई ने उनकी आर्थिक तौर पर मदद की थी। गुरु रंधावा ने शुरुआत में तकरीबन दो साल तक संघर्ष किया और इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड की एक मशहूर म्यूजिक कंपनी के साथ जाने माने रैपर बोहेमिया संग 'पटोला' गाना बनाया। इस गाने ने रातों-रात गुरु रंधावा के करियर को पटरी पर ला दिया। ये गाना बेहद पॉपुलर हुआ और गुरु स्टार बन गए। साल 2015 में रिलीज हुए 'पटोला' ट्रैक को बेस्ट पंजाबी सॉन्ग का खिताब भी मिल चुका है। आज भी यह गाना लोगों के बीच खूब लोकप्रिय है। पटोला के हिट होने के बाद गुरु रंधावा एक के बाद एक सफलता की सीढ़ियां चढ़ते चले गए। उन्होंने कई पंजाबी गानों के साथ ही बॉलीवुड फिल्मों के लिए भी हिट सॉन्ग गाए हैं। उन्होंने उन्होंने कुछ तो मुझ में कमी थी, पटोला, हाई रेटेड गबरू, दारु वरगी, रात कमल है और बन जा रानी सहित कई सुपरहिट गानों को अपनी आवाज दी है।

# कार्तिक आर्यन के बाद अब शुभमन गिल को डेट कर रहीं सारा अली खान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फोटो हुई वायरलबॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान फिल्मों के अलावा अपनी निजी जिंदगी की वजह से भी अक्सर चर्चा में आ जाती हैं। हाल ही में उनकी एक तस्वीर सामने आई है जो इन दिनों जमकर वायरल हो रही है। फोटो में एक्ट्रेस टीम इंडिया के बल्लेबाज शुभमन गिल के साथ नजर आ रही हैं। फोटो में दोनों साथ में किसी रेस्त्रां में साथ डिनर करते दिख रहे हैं। इस तस्वीर को देखकर कयास लगाए जा रहे हैं कि कार्तिक से ब्रेकअप के बाद सारा अब शुभमन को डेट कर रही हैं।बता दें कि यह वायरल तस्वीर लंदन की बताई जा रही है। दरअसल, जिम्बाब्वे दौरे पर शानदार प्रदर्शन करने के बाद शुभमन काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए लंदन गए हुए हैं। जानकारी के मुताबिक सारा भी इन दिनों लंदन में ही हैं। दोनों को एक साथ देखे जाने के बाद लोग कह रहे हैं कि सारा शुभमन को डेट कर रही हैं। यह पहला मौका नहीं है जब सारा का नाम किसी के साथ जुड़ा है। इससे पहले उनकी डेब्यू फिल्म 'केदारनाथ' के समय उनका नाम सुशांत सिंह राजपूत के साथ जोड़ा गया था। तब कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि दोनों रिलेशनशिप में हैं। हालांकि सारा और सुशांत की ओर से इसकी पुष्टि कभी नहीं की गई। फिल्म के रिलीज होने बाद दोनों के बीच ब्रेकअप की खबरें सामने आने लगीं। इसके बाद कार्तिक के साथ उनके अफेयर की चर्चा जोर पकड़ने लगी। रिपोर्ट्स के दावों के मुताबिक फिल्म 'लव आजकल' के दौरान दोनों करीब आ गए थे। हालांकि इन दावों पर कार्तिक या सारा ने कभी भी चुप्पी नहीं तोड़ी। वर्क फ्रंट की बात करें तो सारा हाल ही में धनुष और अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'अतरंगी रे' में नजर आई थीं। वहीं, उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो वह जल्द ही लक्ष्मण उतेकर की फिल्म में नजर आने वाली हैं।



# कॉलेज की रैगिंग ने बदल दी चित्रांगदा की जिंदगी, फिर इस एल्बम से बनाई पहचान



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह आज अपना 46वां जन्मदिन मना रही हैं। चित्रांगदा सिंह फिल्म इंडस्ट्री का जाना-पहचाना नाम हैं। उन्होंने वर्ष 2005 में फिल्म 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इसके अलावा वह 'देसी ब्वॉयज', 'इनकार' और 'ये साली जिंदगी' जैसी कई फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ी है। सिर्फ अभिनय ही नहीं, चित्रांगदा फिल्म प्रोडक्शन की दुनिया में भी हाथ आजमा चुकी हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में चित्रांगदा मूल रूप से राजस्थान से ताल्लुक रखती हैं। इनका जन्म 30 अगस्त 1976 को राजस्थान के जोधपुर में हुआ था। चित्रांगदा फिल्मी दुनिया में कैसे आईं, इसके पीछे की कहानी काफी दिलचस्प है। दरअसल, इसका श्रेय कॉलेज की रैगिंग को जाता है, जिसने उनकी जिंदगी बदल कर रख दी और उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रख दिए। एक बातचीत के दौरान खुद चित्रांगदा ने यह बात साझा की थी। उन्होंने कहा था कि उन्होंने दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से गृह विज्ञान में ग्रेजुएशन किया है। चित्रांगदा सिंह ने बताया था, 'मेरी मॉडलिंग की यात्रा कॉलेज में मेरे पहले वर्ष के दौरान एक रैगिंग सेशन से शुरू हुई थी। हमें सलवार कमीज को उल्टा पहनने के लिए कहा गया, बालों में तेल लगा था, और बाल्टी में किताबें और हमसे रैम्प वॉक करने को कहा गया। आधिकारिक तौर पर यह मेरा पहला मॉडलिंग ऑडिशन था। जाहिर है मैंने बहुत अच्छा किया, और फिर कॉलेज फैशन टीम का हिस्सा बन गई।' इसके बाद यहीं से चित्रांगदा मॉडलिंग करने लगी थीं। चित्रांगदा सिंह ने शुरुआत वीडियो एल्बम से की थी। उन्हें सबसे पहला ब्रेक गुलजार ने अपने वीडियो एलबम 'सनसेट पॉइंट' में दिया। इसके बाद वह डीनो मोरिया के साथ म्यूजिक वीडियो 'कोई लौटा दे वो प्यारे प्यारे दिन' में नजर आईं। यहीं से फिल्ममेकर सुधीर मिश्रा की नजर चित्रांगदा पर पड़ी। वर्ष 2003 में वह सुधीर मिश्रा की फिल्म 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी' का हिस्सा बनीं। हालांकि, अल्ताफ राजा की एल्बम 'तुम तो ठहरे परदेसी...' से चित्रांगदा पहली बार लोगों की नजरों में आईं। चित्रांगदा टीवी शो 'डीआईडी लिटिल मास्टर्स' 4 में जज की कुर्सी भी संभाल चुकी हैं। चित्रांगदा सिंह फिल्म और टीवी के अलावा ओटीटी पर भी नजर आ चुकी हैं। इस साल वह अमेजन प्राइम की वीडियो 'मॉडर्न लव मुंबई' में नजर आईं। पर्सनल लाइफ की बात करें तो चित्रांगदा ने वर्ष 2001 में भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा से शादी रचाई। दोनों का एक बेटा जोरावर भी है। हालांकि, इनका रिश्ता ज्यादा लंबा नहीं चला। वर्ष 2014 में दोनों का तलाक हो गया।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com
नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### पूछे गए सवाल

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?


**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस. डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।








स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।






## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायो मे अगस्त 2021मे प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्युटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्पुटर एप्लीकेसन (सी०सी०ए०), इलेक्ट्रिकल टैक्निशियन, रैफिजरेशन एण्ड एयर कन्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी०एन०सी० प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रकिया :– इस प्रकिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रकिया :– इस प्रकिया मे प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय मे सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

**visit us at : www.nainiiti.com**

प्रवेश कार्यालय :- तुलसीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करें :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274